दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-97 सीहोर, रविवार 31 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## अभिषेक पर हुआ हमला, कपड़े फाड़े

### -टीएमसी सांसद बोले- ऐसे कायराना हमलों से डरने वाले नहीं



कोलकाता,(ए.)। पश्चिम बंगाल के सोनारपुर इलाके में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर अंडे फेके जाने और हमला करने से राजनीतिक माहौल गरमा गया है। आरोप है कि टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक पर जानलेवा हमला किया गया, वे चुनावी हिंसा में घायल पार्टी कार्यकर्ताओं का हाल जानने पहुंचे थे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सांसद अभिषेक बनर्जी सोनारपुर में हाल ही में हुई चुनावी हिंसा में घायल हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने और उनका हालचाल जानने पहुंचे हुए थे। इसी बीच माहौल तनावपूर्ण हो गया और देखते ही देखते हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है, जैसे ही अभिषेक का काफिला सोनारपुर पहुंचा, वहां पहले से ही मौजूद बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उन्हें घेर लिया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी शुरू कर दी, और देखते ही देखते हिंसक झड़प शुरु हो गई। भीड़ में से ही कुछ ने सांसद पर अंडे फेंके और उनके साथ धक्का-मुक्की भी की, जिससे अभिषेक की शर्ट फट गई।

**हेलमेट पहना सुरक्षित बाहर निकाला**

बताया जा रहा है कि स्थिति बेकाबू होती देख सुरक्षाकर्मियों ने अभिषेक बनर्जी को हेलमेट पहनाया और सिर को सुरक्षित रखने की कोशिश की। आनन-फानन में हेलमेट पहना कर किसी तरह उन्हें उग्र भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक ने मीडिया से बात करते हुए अपनी आपबीती सुनाई। आक्रोश व्यक्त कर रहे अभिषेक ने कहा, पूरी तैयारी के साथ आए ये लोग असल में मुझे जान से मारना चाह रहे थे। उन्होंने हमला किया और शर्ट तक फाड़ दी। उन्होंने पुलिसकर्मी तैनात नहीं होने पर भी हैरानी जताई। अभिषेक बनर्जी ने हमलावर विपक्षी दलों को ललकारते हुए कहा, टीएमसी ऐसे कायराना हमलों से डरने वाली नहीं है और वे जनता की लड़ाई को आगे भी जारी रखेंगे।

## राजस्थान में रेतीले बवंडर का कहर, दिन में छाया अंधेरा

### -80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी

जयपुर,(ए.)। राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में शनिवार को आए भीषण रेतीले तूफान ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर जिलों में दोपहर के समय तेज रेतीला बवंडर उठने से दिन में ही अंधेरे जैसी स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि इसका प्रभाव लगभग 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में देखा गया।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रेतीले तूफान की शुरुआत हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर क्षेत्र से हुई, जिसके बाद यह तेजी से आसपास के जिलों में फैल गया। इस दौरान 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा से उनके श्रीनगर निवास पर पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## 1 जून से LPG और PNG उपभोक्ताओं के लिए बदल सकते हैं नियम, दोहरे कनेक्शन पर रहेगी नजर



नई दिल्ली (ए.)। देश में पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) के बढ़ते विस्तार के बीच घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए कुछ महत्वपूर्ण बदलाव लागू किए जाने की तैयारी है। तेल विपणन कंपनियां (OMCs) और सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियां ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान कर रही हैं, जिनके पास एक ही पते पर एलपीजी (LPG) और पीएनजी दोनों कनेक्शन मौजूद हैं।जानकारी के अनुसार, सरकार और संबंधित एजेंसियां घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दुरुपयोग, जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए निगरानी बढ़ा रही हैं। इसके तहत उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहां पीएनजी नेटवर्क उपलब्ध है, लेकिन उपभोक्ता अभी भी एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, मार्च तक देश में करीब 6.5 लाख नए पीएनजी कनेक्शन जोड़े गए। हालांकि, कई उपभोक्ताओं द्वारा पीएनजी कनेक्शन लेने के बावजूद एलपीजी कनेक्शन सरेंडर नहीं किए जाने की बात सामने आई है। इसी को देखते हुए डेटा सत्यापन और उपभोक्ता प्रोफाइल की जांच का काम तेज किया गया है। सूत्रों के अनुसार, जिन क्षेत्रों में पीएनजी सुविधा उपलब्ध है, वहां उपभोक्ताओं को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## बीरभूम में बालू कारोबारी के घर मिला नोटों का पहाड़ व सोना

बीरभूम(आरएनएस)। जिले के मोहम्मद बाजार थाना क्षेत्र के राजधरपुर में एक रसूखदार बालू कारोबारी व एक तृणमूल नेता के करीबी लवन शेख के ठिकानों पर जिला पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में भारी मात्रा में नकदी यानी नोटों का पहाड़ बरामद हुआ है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके और राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। तलाशी के दौरान घर व कार्यालयों के अलग-अलग हिस्सों और लॉकरों से 500 रुपये के नोटों के भारी-भरकम बंडल बरामद किए गए। बरामद रकम इतनी बड़ी है कि नोटों को गिनने के लिए बैंक अधिकारियों और मशीनों को मंगवाना पड़ा। पुलिस के दावों के अनुसार, मुख्य आरोपी का नाम लवण शेख है, जो लंबे समय से इलाके में बालू के कारोबार से जुड़ा हुआ है। जब पुलिस ने उसके घर से सटे दफ्तर की सघन तलाशी ली, तो वहां से कुल 49 लाख 75 हजार रुपये की भारी-भरकम नकदी बरामद हुई। अलावा, तलाशी के दौरान 502 ग्राम (लगभग आधा किलो) सोने के गहने भी जब्त किए गए हैं। इस नकदी और सोने के स्रोतों को लेकर कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके से शमीम शेख नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

नीट पेपर लीक

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज, दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी सहित 30 नेता गिरफ्तार; बाद में छोड़े गए

भोपाल,(ए.)। नीट पेपर लीक, सीबीएसई की परीक्षाओं में गड़बड़ी के आरोप और छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआइ) ने शनिवार को भोपाल में प्रदर्शन किया। प्रदेश भर से बड़ी संख्या में पहुंचें कार्यकर्ता मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव करने जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने रेडक्रास चौराहे के पास रोका तो वे बैरिकेड्स चढ़कर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे। इस पर पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार मारी और खदेड़ दिया। कुछ एक कार्यकर्ता घायल भी हुए।पुलिस की इस कार्रवाई के विरोध में करने के लिए धरने पर बैठे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, एनएसयूआइ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ समेत करीब 30 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर किया। कई को हिरासत में भी लिया। हालांकि बाद में उन सबको छोड़ दिया गया।



एनएसयूआइ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि एनटीए भ्रष्टाचार की एजेंसी बन गई है। सीबीएसई में ब्लैक लिस्टेड कंपनी नाम बदलकर ठेका ले लेती है। प्रदर्शन में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, कमलेश्वर पटेल भी शामिल हुए।वाटर कैनन से बौछार मारते समय एनएसयूआइ कार्यकर्ताओं की ओर से पुलिसकर्मियों की तरफ एक जूता फेंका गया, जिस पर पुलिस अधिकारियों ने नाराजगी जताई। इस तरह की अभद्रता नहीं करने की चेतावनी दी।

### नीट मामले पर पवन खेड़ा ने पीएम मोदी से पूछा- जिम्मेदारी कौन लेगा ?

नई दिल्ली,(ए.)। नीट-यूजी 2026 पेपर लीक और परीक्षा रद्ध मामले को लेकर केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच राजनीतिक टकराव लगातार तेज होता जा रहा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए परीक्षा प्रणाली में बार-बार सामने आ रही गड़बड़ियों को लेकर सवाल उठाए हैं।पवन खेड़ा ने कहा कि जब परीक्षा से जुड़ा कोई बड़ा विवाद सामने आता है, तभी सरकार और प्रधानमंत्री निगरानी की बात करते हैं। उन्होंने प्रश्न किया कि यदि परीक्षा प्रणाली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं और पेपर लीक जैसी घटनाएं दोहराई जा रही हैं, तो इसकी जवाबदेही कौन तय करेगा।

## प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज, आज 9 जिलों में ओले-बारिश का अलर्ट

भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के बीच मौसम ने राहत भरा रुख अपना लिया है। प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, तेज आंधी और ओलावृष्टि की गतिविधियां शुरू हो गई हैं। मौसम विभाग ने शनिवार को ग्वालियर समेत 9 जिलों में ओले गिरने और बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अगले चार दिनों तक प्रदेश में ऐसा ही मौसम बने रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, नीमच और मंदसौर



में ओलावृष्टि के साथ बारिश होने की संभावना है। इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 25 मई से शुरू हुए नौतपा के पहले कुछ दिनों में प्रदेश ने भीषण गर्मी का सामना किया। खजुराहो और नौगांव जैसे शहरों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था। हालांकि अब मौसम में बदलाव के चलते कई इलाकों में तापमान तेजी से नीचे आया है।बीते शुक्रवार को ग्वालियर और दतिया में तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। ग्वालियर का अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री और दतिया का 35.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश के प्रमुख शहरों में भी तापमान में कमी दर्ज की गई। भोपाल में अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री, इंदौर में 39.4 डिग्री, उज्जैन में 41.6 डिग्री और जबलपुर में 40.1 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं कई अन्य शहरों में भी तापमान सामान्य से नीचे आया। पचमढ़ी में 37.4 डिग्री, रीवा में 38.2 डिग्री, नौगांव में 38 डिग्री और खजुराहो में 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।




## शख्स ने कुल्हाड़ी से काट दिया अपना ही प्राइवेट पार्ट, वजह जानकर डॉक्टर भी दंग

छतरपुर (ए.)। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से एक बेहद हैरान और विचलित कर देने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां महाराजपुर थाना क्षेत्र में एक शख्स ने अंधविश्वास और सनक के चक्कर में कुल्हाड़ी से अपना ही प्राइवेट पार्ट काट डाला। इस खौफनाक कदम को उठाने के बाद शख्स की हालत बेहद बिगड़ गई, जिसके बाद उसे लहूलुहान अवस्था में छतरपुर जिला अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में इलाज के दौरान जब खुद पीड़ित शख्स ने इस आत्मघाती कदम के पीछे की हैरान करने वाली वजह का खुलासा किया, तो वहां मौजूद डॉक्टरों से लेकर पुलिसकर्मियों तक के होश उड़ गए।यह दिल दहला देने वाली घटना महाराजपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 भटीपुरा की है। अस्पताल में भर्ती कराए गए 42 वर्षीय पीड़ित शख्स की पहचान भटीपुरा निवासी राममिलन यादव के रूप में हुई है। स्ट्रेचर पर तड़पते हुए राममिलन ने डॉक्टरों और परिजनों को बताया कि उसने केवल भगवान का भजन करने, अपनी काम वासना को हमेशा के लिए मिटाने और गृहस्थ जीवन के बंधनों से पूरी तरह मुक्त होने के लिए यह कदम उठाया है। उसका मानना था कि ऐसा करने से वह सांसारिक बंधनों से आजाद हो जाएगा और आगे चलकर जीवन में उससे कभी कोई पाप नहीं होगा। मिली जानकारी के मुताबिक, राममिलन यादव शनिवार सुबह करीब 9 बजे अपने खेत के पास स्थित कुएं पर गया था। वहां उसने अचानक पास रखी कुल्हाड़ी उठाई और अपने ही प्राइवेट पार्ट पर जोरदार वार कर उसे शरीर से अलग कर दिया।

## दिल्ली में बड़े आतंकी हमले की साजिश नाकाम, ISI और अंडरवर्ल्ड के 9 खूंखार गुर्गे गिरफ्तार



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बहुत बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए देश की राजधानी को दहलाने की एक खौफनाक आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षा एजेंसियों ने इस बड़े ऑपरेशन के तहत ऐसे 9 संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ( ISI ) और मुंबई अंडरवर्ल्ड नेटवर्क के सीधे इशारे पर काम कर रहे थे। इन सभी शूटरों और गुर्गों को दिल्ली की बेहद खास, अति-संवेदनशील जगहों और सुरक्षा बलों पर फिदायीन हमला करने का जिम्मा सौंपा गया था। पुलिस ने इन आतंकियों के पास से भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार और जानलेवा बारूद भी बरामद किया है।

खुफिया इनपुट के बाद चला बड़ा ऑपरेशन, विदेशी नागरिक भी शामिल

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस बेहद गुप्त और बड़े ऑपरेशन के बारे में अहम जानकारी देते हुए बताया कि आईएसआई और अंडरवर्ल्ड से जुड़े इन 9 लोगों को दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर सिलसिलेवार बम धमाके और टारगेट किलिंग का काम सौंपा गया था। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में एक पुख्ता खुफिया जानकारी मिलने के बाद पूरी मुस्तैदी से ऑपरेशन चलाया गया था, जिसमें इन सभी खतरनाक आरोपियों को दबोच लिया गया। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पिछले कुछ समय से इस पूरे संदिग्ध मॉड्यूल की हर हरकत पर पैनी नजर रखे हुए थीं, जिसके बाद यह बड़ी कामयाबी हाथ लगी है।पकड़े गए आरोपियों पर आरोप है कि ये सभी नौ सदस्य पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस और मुंबई के अंडरवर्ल्ड से जुड़े विदेशी हैंडलर्स के इशारे पर भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। उन्हें दिल्ली के सबसे संवेदनशील ठिकानों और सरकारी इमारतों पर हमले करने का काम सौंपा गया था। सूत्रों से मिली रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए आरोपी दिल्ली, मुंबई और पंजाब के रहने वाले हैं और सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से कुछ विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जो फर्जी पहचान पत्र के सहारे भारत में छिपे हुए थे।दिल्ली पुलिस अब इस पूरे टेरर नेटवर्क की आखिरी कड़ी तक पहुंचने और इससे जुड़े अन्य मददगारों की तलाश में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर देश की राजधानी के भीतर इतनी भारी मात्रा में घातक हथियार और आरडीएक्स जैसे विस्फोटक कहां से और किस रास्ते से पहुंचाए गए।

### खचाखच भरे बाजारों और सेंट्रल दिल्ली को दहलाने की थी साजिश, अलर्ट पर राजधानी

इस खौफनाक आतंकी हमले का इनपुट मिलने के बाद से ही पूरी दिल्ली को हाई अलर्ट पर रख दिया गया है और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, इसी महीने की शुरुआत में देश की केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को एक बड़ा खुफिया इनपुट मिला था। इस इनपुट में साफ तौर पर आगाह किया गया था कि विदेशी धरती पर बैठे आकाओं के इशारे पर आतंकी सेंट्रल दिल्ली की बेहद संवेदनशील जगहों, वीवीआईपी इलाकों और भारी भीड़भाड़ वाले बाजारों को निशाना बना सकते हैं। इस इनपुट के मिलते ही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल एक्टिव हो गई थी और इस पूरे मॉड्यूल को ट्रैक कर रही थी।





# मध्यप्रदेश पुलिस की वाहन चोर गिरोहों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

## विगत एक माह में प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्रवाई कर चोरी किए गए 100 दोपहिया वाहन, 2 ट्रैक्टिर-ट्रॉली एवं 1 टेम्पो जब्त

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में संपत्ति संबंधी अपराधों एवं वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार कार्यवाहियां की जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश में विभिन्न जिलों की पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई कर विगत एक माह में चोरी की गई 100 मोटरसाइकिलें, 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली, एवं एक टेम्पो जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**इंदौर :** इंदौर के थाना बाणगंगा पुलिस द्वारा वाहन चोरी की वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु विशेष कार्रवाई करते हुए तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से इंदौर एवं भोपाल सहित विभिन्न क्षेत्रों से चोरी की गई कुल 17 मोटरसाइकिलें, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 16 लाख रुपए है, जब्त की गईं। आरोपियों द्वारा चोरी के वाहनों को शहर के सुनसान क्षेत्रों, खंडहरों एवं खाली इमारतों में छिपाकर रखा जाता था तथा मांग आने पर उन्हें बाहर निकालकर बेचा जाता था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी चोरी के वाहनों के नंबर प्लेट बदलने के साथ इंजन एवं चेचिस नंबर भी मिटा देते थे।

**जीआरपी इटारसी :** जीआरपी थाना इटारसी द्वारा वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर कुल चोरी की 16 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख 40 हजार रुपए है।

**विदिशा :** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी एवं दो विधि विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों



की निशानदेही पर विभिन्न क्षेत्रों से चोरी की गई कुल 12 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं। जब्त की गई संपत्ति की कीमत लगभग 14 लाख रुपए है।

**मंडला :** कोतवाली पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर रॉयल एनफील्ड, क्र15 और पल्सर समेत चोरी की 7 मोटरसाइकिलें सहित लगभग 9 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है।

**सतना :** थाना उचेहरा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 03 मोटरसाइकिलें, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 90 हजार रूपए है, जब्त की गईं। इसी प्रकार थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी में संलिप्त 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 2 लाख 25 हजार रूपए कीमत की चोरी की 03 मोटरसाइकिलें जब्त की।

**राजगढ़ :** कोतवाली पुलिस द्वारा वाहन चोरों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 02 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 04 मोटरसाइकिलें लगभग 1 लाख 10 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है। वहीं थाना सारंगपुर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की 02 मोटरसाइकिलें जप्त की हैं।

**आगर मालवा :** आगर मालवा पुलिस ने वाहन चोरों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 3 लाख 40 हजार रूपए की चोरी की गई 05 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं। इसी प्रकार आलीराजपुर एवं मंदसौर में 4-4, शहडोल और मुरैना में 3-3, सीहोर, बड़वानी, शिवपुरी, नर्मदापुरम एवं दतिया में 2-2, शाजापुर, झाबुआ, धार, उज्जैन, ग्वालियर, सागर एवं नरसिंहपुर में 1-1 मोटरसाइकिल जब्त की है।

अन्य वाहन

ग्वालियर के थाना जनकगंज पुलिस द्वारा चोरी गया एक टेम्पो, सीहोर कोतवाली पुलिस ने 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली, सिवनी जिले के लखनादौन पुलिस ने अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह से ट्रैक्टर मय ट्रॉली जब्त की है।

## जल संकट पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का सरकार पर निशाना कहाजनता को भाषण नहीं, पीने का पानी चाहिए



भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश के कई जिलों में गहराते जल संकट को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से जल संकट की चिंताजनक तस्वीरें सामने आ रही हैं और लोगों को पेयजल के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उमंग सिंघार ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए बयान में कहा कि प्रदेश की जनता को भाषण नहीं, बल्कि पीने का पानी और बेहतर व्यवस्थाएं चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जल संकट से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत और स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, रीवा, सतना, मुरैना, शिवपुरी, खरगोन, बड़वानी और धार सहित प्रदेश के कई जिलों में पेयजल संकट की स्थिति बनी हुई है। उनके अनुसार ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में महिलाएं एवं बच्चे दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं।उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों से ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जहां बच्चे और ग्रामीण गड्ढों में उतरकर पानी निकालने का जोखिम उठा रहे हैं। सिंघार ने इसे प्रशासनिक व्यवस्थाओं की कमी का परिणाम बतायनेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि सरकार ने जल जीवन मिशन और ग्रामीण पेयजल योजनाओं के लिए हजारों करोड़ रुपये के प्रावधान और खर्च का दावा किया है, लेकिन कई क्षेत्रों में लोगों को अभी भी पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनूपपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटना पर किया शोक व्यक्त

भोपाल,(ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनूपपुर जिले में पुष्पराजगढ़ के ग्राम बिजौरा में श्रद्धालुओं को लेकर मंदिर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से हुई सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना में 6 लोगों के असामयिक निधन और कुछ लोगों के घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिजन के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य शासन की ओर से मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। दुर्घटना में घायलों का उपचार जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगतों की आत्मा को शांति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की बाबा महाकाल से प्रार्थना की है।

## अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर 31 को निकलेगी भव्य शोभायात्र

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी में अहिल्याबाई देवी होल्कर के 301वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी। 31 मई 2026 को सायं 5 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी।



पाल समाज श्रीकृष्ण गोर्वधन गिरिराज मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा दी जानकारी के मुताबिक इस आयोजन में राजधानी ही नहीं आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों से ही लोग आकर कार्यक्रम में शामिल होंगे। आयोजन में विधायक भगवानदास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पार्षद जगदीश यादव, श्रीमती बृजुला सचान अतिथि के रुप में शामिल होंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह बघेल एवं कार्यकारिणी सदस्य भानुप्रताप सिंह पाल (पत्रकार) ने जानकारी देते हुए बताया कि पाल समाज श्रीकृष्ण गोर्वधन गिरिराज मंदिर पाल समाज का इकलौता मंदिर है जहां वर्षो से भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम होते आ रहे हैं। समिति के उपाध्यक्ष जयराम बघेल ने कहा कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिये स्वजाति बंधुओं आव्हान किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित शामिल होकर आयोजन को गरिमामय बनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि पाल, बघेल, ग्वाला,यादव, धनगर जैसे उपनाम वाले लोग हर हाल में शामिल हो कार्यक्रम स्थल पर भोजन प्रसादी के उत्तम व्यवस्था की गयी है किसी प्रकार की कोई समस्या न हो मंदिर समिति प्रबंधन इस पर विशेष ध्यान दें।

# अब भोपाल मंडल होकर संचालित हुबली-योग नगरी ऋषिकेश साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन नियमित नम्बर से चलेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं उनकी मांग पर संचालित गाड़ी संख्या 07363/07364 हुबली-योग नगरी ऋषिकेश-हुबली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को अब गाड़ी संख्या 17363/17364 हुबली-योग नगरी ऋषिकेश-हुबली साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में नियमित नंबर से चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन हुबली से 6 जुलाई 2026 और योग नगरी ऋषिकेश से 9 जुलाई 2026 से नियमित नम्बर से परिचालित होगी।

**हुबली-योग नगरी ऋषिकेश-हुबली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का नियमित नम्बर से परिचालन**

गाड़ी संख्या 17363 हुबली-योग नगरी ऋषिकेश साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 6 जुलाई से प्रत्येक सोमवार को हुबली से शाम 19:45 बजे प्रस्थान कर अगले



दिन 21:41 बजे हरदा, 22:55 बजे इटारसी, तीसरे दिन 00:35 बजे रानी कमलापति एवं 03:00 बीना आगमन कर गंतव्य स्टेशन योग की नगरी ऋषिकेश रात 23:30 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 17364 योग नगरी ऋषिकेश-हुबली एक्सप्रेस ट्रेन 9 जुलाई से प्रत्येक गुरुवार योग नगरी ऋषिकेश से सुबह 06:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 00:48 बजे बीना, 02:40 बजे रानी कमलापति, 04:15 बजे इटारसी, 05:05 हरदा आगमन कर तीसरे दिन गंतव्य स्टेशन हुबली सुबह 06:30 बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी की कोच संरचना में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 06 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 01 जनरेटर कार एवं 01 एसएलआरडी सहित कुल 16 कोच रहेंगे।

यात्री इस नियमित नम्बर वाली ट्रेन की विस्तृत समय-सारणी एवं उपलब्धता की जानकारी के लिए www.enquiry.indianrail.gov.in या एनटीईएस ऐप पर भी अवलोकन कर सकते हैं।

## बरखेड़ा-ओबेदुल्लागंज सेक्शन के समपार फाटक क्रमांक 238 A पर सड़क यातायात 5 दिनों के लिए बंद रहेगा



फाइल फोटो

भोपाल (निप्र)। रेलवे संरक्षा एवं अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण कार्यों के अंतर्गत भोपाल मंडल के बरखेड़ा-ओबेदुल्लागंज सेक्शन की मिड लाइन में स्थित समपार फाटक क्रमांक 238 A (किमी 795/04-06) पर पीक्यूआरएस (PQRS) मशीन द्वारा ट्रैक अनुरक्षण कार्य किया जाएगा। इस कार्य के दौरान उक्त समपार फाटक को सड़क यातायात हेतु अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा।

रेल प्रशासन के अनुसार समपार फाटक क्रमांक 238 A को दिनांक 01 जून 2026 को प्रातः 08:00 बजे से 05 जून 2026 को सायं 06:00 बजे तक कुल 5 दिनों के लिए सड़क यातायात हेतु पूर्णतः बंद रखा जाएगा। रेलवे द्वारा यह कार्य रेल पथ की गुणवत्ता, संरक्षा तथा सुगम रेल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्य अवधि के दौरान समपार फाटक से किसी भी प्रकार का सड़क आवागमन संभव नहीं होगा। भोपाल मंडल रेल प्रशासन ने आम नागरिकों, वाहन चालकों एवं स्थानीय निवासियों से अनुरोध किया है कि वे इस अवधि में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा रेलवे एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करें। रेल प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को यातायात व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी प्रकार की असुविधा से बचाव हेतु आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यात्रियों एवं आमजन से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

## सुप्रीम कोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय कछुआ तस्कर मुरुगेसन को झटका, जमानत याचिका खारिज

### वन्यजीव तस्करी के विरुद्ध अभियान में एसटीएएफ को बड़ी सफलता

भोपाल,(ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश में वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय कछुआ तस्कर मुनीव्रम मुरूगेसन की जमानत याचिका को माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली ने निरस्त कर दिया है। इसी क्रम में थाईलैंड सरकार से प्रत्यर्पण की स्वीकृति मिलने के बाद अंतर्राष्ट्रीय तस्कर मुनीव्रम मुरूगेसन को भारत लाया गया। वर्तमान में वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में निरुद्ध है। आरोपी मुरूगेसन के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वन्यजीव तस्करी के कई गंभीर मामले दर्ज हैं। आरोपी द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (स्पेशल लीव टू अपील) पर सुनवाई करते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने मामले की परिस्थितियों, प्रत्यर्पण प्रक्रिया की प्रगति तथा उपलब्ध तथ्यों का परीक्षण कर उसे निरस्त कर दिया। राज्य टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएएफ) द्वारा आरोपी के संबंध में आवश्यक दस्तावेज एवं तथ्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए। इस कार्रवाई में भारत सरकार के संबंधित विभागों एवं एजेंसियों का भी सहयोग प्राप्त हुआ।




राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एवं टेक्नोलॉजी, भोपाल द्वारा आयोजित सिस्टेक ग्लोरी कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर मुक्त नशा मुक्ति जागरुकता एवं चिकित्सा परामर्श शिविर

भोपाल (निप्र)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई के अवसर पर पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल, में तीन दिवसीय नशा मुक्ति शिविर का आयोजन 27 से 30 मई तक किया गया। अगद तंत्र विभाग की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ.उर्मिला शुक्ला द्वारा बताया कि शिविर में 139 व्यसन ग्रस्त रोगियों का पंजीयन कर उन्हें आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श एवं नशा छोड़ने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।शिविर के अंतिम दिवस महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा जन जागरूकता हेतु व्यसन मुक्ति रैली का आयोजन किया गया, यह रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभहोकर शबरी नगर क्षेत्र तक निकाली गई, रैली के माध्यम से आमजन को व्यसन छोड़ने हेतु जागरूक किया गया एवं घर-घर जाकर व्यसन मुक्ति संबंधी पैंपलेट वितरित किए गए तथा तंबाकू, गुटखा, धूम्रपान एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए रोगियों को सलाह दी गई। महाविद्यालय के प्राधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. उमेश शुक्ला ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं जरूरतमंद रोगियों को आयुर्वेदिक चिकित्सा के माध्यम से नशा मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चिकित्सालय में नशा मुक्ति स्पेशियलिटी क्लीनिक विगत 4 वर्षों से ओपीडी नंबर 07 में संचालित है, कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, चिकित्सकों, स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# काचीगुडा-श्री गंगानगर-काचीगुडा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का अब नियमित नम्बर से संचालन

## मंडल के हरदा, इटारसी एवं भोपाल स्टेशनों पर ठहराव

भोपाल (निप्र)। यात्रियों की सुविधा एवं बढ़ती यातायात माँग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा पूर्व में संचालित स्पेशल ट्रेनों को रेगुलर नम्बरों से चलाया जा रहा है। जिसमें दक्षिण मध्य रेल से संचालित स्पेशल गाड़ी संख्या 07053/07054 काचीगुडा-श्री गंगानगर-काचीगुडा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन को नियमित करते हुए रेगुलर नम्बर से संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जो पश्चिम मध्य रेल से होकर गुजरती है।

**17601/17602 काचीगुडा-श्री गंगानगर-काचीगुडा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का रेगुलर नम्बरः-**

गाड़ी संख्या 17601 काचीगुडा-श्री गंगानगर साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 25 जुलाई 2026 से प्रत्येक शनिवार को काचीगुडा से रात 22:00 बजे प्रस्थान कर और तीसरे दिन सोमवार को रात को 21:30 बजे श्री गंगानगर पहुँचेगी। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के हरदा, इटारसी, भोपाल, कोटा एवं सवाई माधोपुर स्टेशनों से होकर गंतब्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 17602 श्री गंगानगर-काचीगुडा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 28 जुलाई 2026 से प्रत्येक मंगलवार को श्री गंगानगर से सुबह 06:55 बजे प्रस्थान कर और तीसरे दिन गुरुवार को सुबह 07:15 बजे काचीगुडा पहुँचेगी। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सवाई माधोपुर जंक्शन, कोटा जंक्शन, भोपाल जंक्शन, इटारसी जंक्श एवं हरदा से होकर गंतब्य को जाएगी।



ठहरावः- मलकाजगिरि, मसाईपेट, कामारेड्डी, निजामाबाद जंक्शन, जानकम्पेट जंक्शन, बासर, धर्माबाद, मुदखेड, नांदेड़, पूर्णा जंक्शन, बसमत, हिंगोली डेक्कन, वाशिम, अकोला जंक्शन, मलकापुर, हरदा, इटारसी जंक्शन, भोपाल जंक्शन, उज्जैन जंक्शन, नागदा जंक्शन, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर जंक्शन, बनस्थली निवाई, दुर्गापुरा, जयपुर जंक्शन, दहार का बालाजी, रींगस जंक्शन, सीकर जंक्शन, चूरू, रतनगढ़ जंक्शन, पारसनेऊ, बिग्गा, श्री डूंगरगढ़, बीकानेर ईस्ट, बीकानेर जंक्शन, लालगढ़ जंक्शन, लूनकरनसर, सूरतगढ़ जंक्शन, रायसिंहनगर एवं श्री करणपुर।

**कोच संरचनाः**- 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 08 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 06 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी सहित कुल 22 कोच। यात्री इस नियमित नम्बर वाली ट्रेन की विस्तृत समय-सारणी एवं उपलब्धता की जानकारी के लिए www.enquiry.indian-rail.gov.in या एनटीईएस ऐप पर भी अवलोकन कर सकते हैं।

## मिशन वात्सल्य की चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 बनी संकटग्रस्त बच्चों का सशक्त सुरक्षा कवच

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लगभग ढाई साल के कार्यकाल में राज्य ने महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में संवेदनशीलता और गवर्नेंस के एक नये प्रतिमान स्थापित किये है। उनके नेतृत्व में चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 प्रदेश के संकटग्रस्त, शोषित और बेसहारा बच्चों के लिए एक बेहद सशक्त और अभेद्य सुरक्षा कवच बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर राज्य के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजना में चाइल्ड हेल्पलाइन 24 घंटे कार्य कर रही है। यह हेल्पलाइन प्रदेश में हजारों बच्चों को हिंसा, बाल श्रम और मानव तस्करी के चंगुल से छुड़ाकर उनका पुनर्वास सुनिश्चित कर रही है। सरकार के इस प्रभावी कदम से न केवल संकट के समय बच्चों को आपातकालीन मदद मिल रही है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण भी मिल रहा है। इस हेल्पलाइन की व्यापकता और रिस्पॉन्स टाइम में अभूतपूर्व सुधार आया है, जिसका अंदाजा विभागीय आंकड़ों से साफ लगाया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस हेल्पलाइन से रिकॉर्ड 30 हजार 810 संकटग्रस्त बच्चों को सहायता पहुंचाई गई। वहीं, वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी हेल्पलाइन की टीम पूरी मुस्तैदी से डटी हुई है, जहां महज़ 15 मई तक ही 4 हजार 376 बच्चों तक त्वरित मदद पहुंचाई जा चुकी है।

## नदियों के उद्गम स्थलों को स्वच्छ और सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य : मंत्री श्री पटेल

### अमरकंटक धाम में तीन दिवसीय 'स्वच्छता व कुण्ड सेवा अभियान में स्वयं किया श्रमदान



भोपाल (ए.)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि माँ नर्मदा केवल आस्था की प्रतीक नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन और अस्तित्व का आधार हैं। हमारी नदियों के उद्गम स्थलों को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक को अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए। मंत्री श्री पटेल ने यह विचार अमरकंटक धाम स्थित माँ नर्मदा नदी के पावन उद्गम स्थल पर 29 से 31 मई तक आयोजित इस विशेष स्वच्छता अभियान में श्रमदान के दौरान व्यक्त कियें। मंत्री श्री पटेल ने विशेष बल देते हुए कहा कि नदियों का संरक्षण केवल धार्मिक दायित्व नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के सुरक्षित जीवन का आधार है, क्योंकि यदि आज हम जल स्त्रोतों और उद्गम स्थलों को संरक्षित करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियाँ जल संकट से बच सकेंगी। मंत्री श्री पटेल ने स्वयं उपस्थित होकर जनभागीदारी के साथ सक्रिय रूप से श्रमदान किया। मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन एवं निर्विकार पथ के सेवाभावी कार्यकर्ताओं के सहयोग से संचालित इस अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर उद्गम और कुण्ड क्षेत्र की स्वच्छता, संरक्षण तथा सेवा कार्यों में अपना योगदान दिया, जिससे यह अभियान क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का एक बड़ा माध्यम बनकर उभरा है। उल्लेखनीय है कि मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल लंबे समय से जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के संवर्धन और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से पूरे प्रदेश में जल संरचनाओं के पुनर्जीवन, नदियों की स्वच्छता और जनजागरण के कार्यों को व्यापक गति मिली है। अमरकंटक में माँ नर्मदा के उद्गम स्थल पर किया गया यह श्रमदान उसी पर्यावरण-संरक्षण के संकल्प का जीवंत उदाहरण है, जो समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करेगा और जनसहभागिता से जल संरक्षण के इस प्रयास को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

# बकरीद के दूसरे दिन एमपी के इस शहर में तनावः तीन बोरियों में मिला पशु का सिर और मांस, चार आरोपी हुए गिरफ्तार




खंडवा (ए.)। खंडवा में बकरीद के दूसरे दिन शहर से करीब 7 किलोमीटर दूर सिंहाड़ा गांव में पशु का सिर और मांस बोरी में मिलने से आधी रात हड़कंप मच गया। गांव में एक घर के बाहर रखी तीन बोरियों में पशु का सिर और मांस मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि यह सिर और मांस गाय का है। पुलिस ने संदिग्ध मकान की भी तलाशी ली है।

पुलिस ने इस मामले में आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है, जिनमें से चार को हिरासत में ले लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि उन्होंने इस घटना को किस उद्देश्य से अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात गांव के कुछ लोगों को एक घर के सामने संदिग्ध बोरियां दिखाई दीं। लोगों के मौके पर पहुंचते ही वहां मौजूद कुछ लोग फरार हो गए। जांच करने पर एक बोरी में पशु का सिर और दो बोरियों में मांस भरा मिला। सूचना मिलते ही मोघट थाना प्रभारी धीरेश धारवाल और नगर पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बढ़िया तुला गांव के आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें से चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जबकि बाकी की तलाश जारी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों ने इस घटना को क्यों अंजाम दिया। फिलहाल बोरियों में मिले मांस के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। साथ ही संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

खंडवा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पशु चिकित्सक से परीक्षण कराया गया है और बरामद मांस को जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। अब तक आठ नामजद आरोपी सामने आए हैं। जांच के दौरान जो भी अन्य लोग शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने मामले में 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। फिलहाल चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## इंदौर में 11 क्विंटल अवैध भांग जब्त, सदर बाजार पुलिस की बड़ी कार्रवाई; ड्राइवर गिरफ्तार

इंदौर (ए.)। इंदौर पुलिस लगातार मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सदर बाजार थाना क्षेत्र से बड़ी मात्रा में अवैध भांग की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही सदर बाजार पुलिस ने इलाके में चेकिंग अभियान शुरू किया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध लोडिंग वाहन को रोका। तलाशी लेने पर वाहन में 11 से अधिक बोरों में भरी अवैध भांग बरामद हुई। पुलिस ने मौके से वाहन चालक हितेंद्र सिंह को हिरासत में ले लिया।

पूछताछ में हितेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि भांग अरविंदो क्षेत्र स्थित एक खेत से वाहन में भरवाई गई थी। उसने यह भी बताया कि रास्ते में उसे फोन कर आगे कहां माल पहुंचाना है, इसकी जानकारी दी जानी थी। हालांकि वह यह नहीं बता सका कि भांग किसे और कहां सप्लाई की जानी थी।

एडिशनल डीसीपी सुमित केराकट्टा के मुताबिक सदर बाजार पुलिस ने करीब 11 क्विंटल अवैध भांग जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रुपये है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल लोडिंग वाहन भी जब्त कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी हितेंद्र सिंह से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश में जुटी है कि भांग कहां से लाई गई थी और किन लोगों तक इसकी डिलीवरी की जानी थी।

## जज के गुस्से से अंधेरे में डूबा चित्रकूटः घर की बिजली गुल होने पर 5 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं की सप्लाई रुकवाई



सतना (ए.)। सतना जिले के चित्रकूट में शुक्रवार शाम एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। आरोप है कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राम अवतार पटेल के सरकारी आवास की बिजली गुल होने के बाद पूरे कस्बे की बिजली आपूर्ति बंद करा दी गई।

इस घटनाक्रम से करीब पांच हजार से अधिक उपभोक्ता प्रभावित हुए और लगभग एक घंटे तक क्षेत्र में बिजली संकट की स्थिति बनी रही। घटना के बाद लोगों में भारी नाराजगी देखी गई और मामला पुलिस तक पहुंच गया।

**आंधी-तूफान के कारण पहले से प्रभावित थी बिजली व्यवस्था**

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, गुरुवार-शुक्रवार की रात आए तेज आंधी-तूफान के कारण मझगवां से आने वाले 33 केवी के दो फीडरों में तकनीकी खराबी आ गई थी। जंगल क्षेत्र में फॉल्ट होने के कारण सुधार कार्य में समय लगा। विभाग ने शुक्रवार दोपहर तक मुख्य बिजली आपूर्ति बहाल कर दी थी और अधिकांश शिकायतों का निराकरण कर लिया गया था। हालांकि कुछ व्यक्तिगत कनेक्शनों में समस्याएं बनी हुई थीं, जिनमें न्यायिक अधिकारी का आवास भी शामिल बताया गया।

**सब स्टेशन पहुंचकर बिजली बंद कराने का आरोप**

प्रत्यक्षदर्शियों और विद्युत कर्मियों के अनुसार, शाम करीब 7:30 बजे न्यायिक मजिस्ट्रेट अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ रजौला सब स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद ऑपरेटर से अपने आवास की बिजली बहाल न होने पर नाराजगी जताई।

## घर के आंगन से उठा ले गए किशोरी, जंगल में किया दुष्कर्म; पुलिस पर लापरवाही के आरोप



धार (ए.)। आदिवासी बाहुल्य कुक्षी तहसील के ग्राम आशपुर में एक 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में स्थानिय पुलिस की लापरवाही का मामला सामने आया है। एक तरफ पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर-दर भटकता रहा, वहीं दूसरी तरफ पुलिस अधिकारी मैडम छुट्टी पर हैं और %कल आना जैसे बहाने बनाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आई। हालांकि जब घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारी को लगी तो मामले में प्रकरण दर्ज हुआ है।

**जंगल में दरिंदगी**

घटना 28 मई की रात करीब 1 बजे की है। पीड़िता अपने माता-पिता के साथ घर के आंगन में सो रही थी। इसी दौरान ग्राम उण्डली का सरपंच सुनील पिता मोहन मोरी अपने साथी अर्जुन पिता बापू, निवासी लुन्हेरा के साथ वहां पहुंचा। आरोपियों ने सोते समय पीड़िता का मुंह दबाया और उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर भुवानीपुरा के जंगलों में ले गए। वहां मुख्य आरोपी सरपंच सुनील ने पीड़िता के साथ दो-तीन बार दुष्कर्म किया, जबकि उसका साथी अर्जुन गाड़ी में ही निगरानी करता रहा। वारदात के बाद आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी और घटना के करीब दो घंटे बाद उसे गांव के बाहर छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता के घर पर मुर्गे का मांस बेचने की दुकान होने के कारण आरोपी अक्सर वहां आते थे, जिससे पीड़िता उन्हें पहले से जानती थी।

**खौफ में बीती रात**

आरोपी की धमकी से डरी-सहमी पीड़िता जब घर पहुंची, तो अत्यधिक डर के कारण उसने रात में किसी को कुछ नहीं बताया। अगले दिन शाम को जब मां ने कड़ाई से पूछताछ की, तो पीड़िता ने अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजनों ने तुरंत वर्तमान सरपंच को मामले की जानकारी दी और थाने पहुंचे। पीड़ित परिवार के अनुसार रात को हमारी बच्ची को सुनील सरपंच उठा ले गया।

# डिंडोरी में तेज रफ्तार का कहरः पहले कार से भिड़ंत, फिर ट्रक में जा घुसी गाड़ी, छात्र की मौत; दोस्त गंभीर

डिंडोरी (ए.)। डिंडोरी जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 16 वर्षीय छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर कृष्णा पेट्रोल पंप के पास हुआ। घटना की खबर मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक और घायल दोनों एक ही स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्र थे और घनिष्ठ मित्र बताए जा रहे हैं।

**पहले दूसरी कार से टक्कर, फिर ट्रक में जा घुसी कार**



पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे कार क्रमांक MP 20 ZV 9089 शहपुरा से जबलपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य कार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक क्रमांक MP 18 H 6315 में पीछे से जा घुसी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार में फंसे दोनों किशोरों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

**इलाज के दौरान छात्र ने तोड़ा दम**

हादसे में घायल दोनों किशोरों की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में 16 वर्षीय शुभ साहू, पिता शिवकुमार साहू, ने दम तोड़ दिया।

वहीं घायल कार्तिक सोनी, पिता प्रहलाद सोनी, का जबलपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## गिफ्ट में सोना ला रहा हूं' सुनकर झांसे में आ गई, इंदौर की महिला से 12 लाख की हो गई ऑनलाइन ठगी



इंदौर (ए.)। इंदौर शहर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। महिला से सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर करीब 12 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गई है। मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह फेसबुक पर सक्रिय रहती है। इसी दौरान उसकी पहचान एक युवक से हुई, जिसने खुद को यूनाइटेड किंगडम में रहने वाला बताया। युवक ने अपना नाम मनप्रीत बताया और कहा कि उसके परिवार में कोई नहीं है और वह शादी के लिए लड़की भी देख रहा है। बातचीत के दौरान उसने महिला को अपनी बहन जैसा मानने की बात कही, जिसके बाद दोनों के बीच फेसबुक, व्हाट्सएप और फोन पर लगातार बातचीत होने लगी। कुछ समय बाद आरोपी ने महिला से कहा कि वह जल्द भारत आने वाला है और उसके लिए गिफ्ट के तौर पर सोने के जेवरात और इलेक्ट्रॉनिक घड़ियां लेकर आएगा। इस बात से महिला काफी खुश हो गई।

कैसे हुई ठगी?

दरअसल, महिला को दिल्ली एयरपोर्ट से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को कस्टम अधिकारी बताते हुए कहा कि उसका भाई मनप्रीत एयरपोर्ट पर पकड़ा गया है और उसके बैग में भारी मात्रा में सोने के जेवरात और इलेक्ट्रॉनिक घड़ियां मिली हैं। आरोपी ने महिला से कहा कि यदि वह उसे जेल जाने से बचाना चाहती है तो अलग-अलग बैंक खातों में पैसे जमा करने होंगे।

इसके बाद कथित कस्टम अधिकारी ने महिला को 8 बैंक खातों की जानकारी दी। झांसे में आकर महिला ने अलग-अलग खातों में 12 लाख रुपये से अधिक की रकम ट्रांसफर कर दी। पैसे भेजने के बाद जब महिला ने मनप्रीत से संपर्क करने की कोशिश की तो उसने फोन उठाना बंद कर दिया। तब महिला को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उसने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## जैतपुर कांड के बाद पुलिस का बड़ा एक्शन, 350 किलो गांजा जब्त; अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

शहडोल (ए.)। शहडोल के जैतपुर क्षेत्र में गांजा कारोबार से जुड़े तीन युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी अभियान के तहत जयसिंहनगर पुलिस ने शनिवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 350 किलो गांजा बरामद कर एक अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके तीन साथी फरार हो गए हैं।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि उड़ीसा से भारी मात्रा में गांजा लेकर कुछ तस्कर मध्यप्रदेश के रास्ते उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर जयसिंहनगर थाना पुलिस ने चंदेला मार्ग पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहनों को रोककर तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान एक लग्जरी इनोवा और एक स्विफ्ट कार से लगभग 350 किलो गांजा बरामद किया गया।

पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर निवासी राहुल कुमार चर्मकार को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी उड़ीसा से गांजा लाकर मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करते थे। जब्त गांजे की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त दोनों वाहनों को भी जब्त कर लिया गया है। गांजा और वाहनों सहित कुल मशरूका की कीमत लगभग 50 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।

### केले के खेत में उग रही थी 'नशे की फसल', पुलिस ने व्यापारी बनकर मारा छापा; 50 हजार रुपये का गांजा जब्त

बुरहानपुर(ए.)। बुरहानपुर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शाहपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। केले की फसल के बीच उगाई जा रही गांजे की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आरोपी के खेत से 10 किलो 500 ग्राम वजनी पांच गांजे के पौधे जब्त किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 50 हजार रुपए बताई जा रही है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेशभर में अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन, बिक्री और तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में शाहपुर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बंडसिंगी निवासी संतोष पिता लक्ष्मण पाटील अपने केले के खेत में अवैध रूप से गांजे की खेती कर रहा है।

**केले की फसल के बीच गांजे के पौधे लगे हुए मिले**

सूचना की पुष्टि के बाद थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अनोखी रणनीति अपनाई। पुलिसकर्मी केले के व्यापारी बनकर आरोपी के खेत तक पहुंचे और दबिश दी। कार्रवाई के दौरान खेत में केले की फसल के बीच गांजे के पौधे लगे हुए मिले। मौके पर मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम संतोष पिता लक्ष्मण पाटील (40 वर्ष), निवासी ग्राम बंडसिंगी, थाना शाहपुर बताया।

# व्यापार समाचार

## पश्चिम एशिया तनाव के बीच मुंबई में फिर दो रुपये महंगी हुई सीएनजी, 16 दिन में दूसरी बार बढ़े दाम




नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊर्जा बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच आम लोगों को महंगाई का एक और झटका लगा है। मुंबई और मुंबई महानगर क्षेत्र (रूल्क्र) में सीएनजी की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। इस बार सीएनजी के खुदरा दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया है।

**कितना बढ़ी सीएनजी की कीमत?**

नई दरें 29 मई 2026 की मध्यरात्रि से लागू हो गई हैं। कीमत बढ़ने के बाद मुंबई में सीएनजी का खुदरा मूल्य 84 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। इसका सीधा असर निजी वाहन चालकों, टैक्सी और ऑटो रिक्शा संचालकों के साथ-साथ व्यावसायिक वाहनों पर पड़ेगा। कंपनी ने सभी डीलरों को संशोधित दरें लागू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

**कब बढ़े थे दाम?**

इससे पहले 14 मई को भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई थी। यानी महज 17 दिनों के भीतर दूसरी बार कीमतें बढ़ाई गई हैं। एमजीएल फिलहाल मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, कल्याण, रायगढ़, रत्नागिरी, चित्रदुर्ग, दावणगेरे, लातूर और उस्मानाबाद समेत कई क्षेत्रों में सीएनजी की आपूर्ति करती है।

**पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी हुई थी बढ़ोतरी**

इस बीच पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। सोमवार को पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल 2.71 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ था। पिछले दो सप्ताह में यह चौथी बढ़ोतरी थी। मुंबई में फिलहाल पेट्रोल 111.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल 97.83 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

**संघर्ष से आपूर्ति हुई प्रभावित**

ईंधन कीमतों में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब केंद्र सरकार भारत के बढ़ते तेल आयात बिल को नियंत्रित करने और ईंधन खपत कम करने की कोशिश कर रही है। 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर संयुक्त हमलों के बाद शुरू हुए संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को प्रभावित किया है। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने इजरायल और पश्चिम एशिया में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया।

## पेट्रोल-डीजल के दाम नोएडा में बढ़े, लखनऊ-पटना को मिली राहत

**- ब्रेंट क्रूड 91 डॉलर के करीब पहुंचा, डब्ल्यूटीआई भी फिसला**




नई दिल्ली (ए.)। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है, जहां ब्रेंट क्रूड का भाव फिसलकर 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। इस नरमी के बावजूद भारतीय घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल के खुदरा दामों पर इसका असर असमान रूप से दिखाई दिया। शनिवार सुबह जारी सरकारी तेल कंपनियों के ताजा अपडेट के अनुसार देश के चारों प्रमुख महानगरों में ईंधन की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, लेकिन कुछ शहरों में इनमें बढ़ोतरी दर्ज की गई है, वहीं कुछ को हल्की राहत भी मिली है। बीते 24 घंटों में वैश्विक कच्चे तेल के बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड का भाव करीब 2 डॉलर फिसलकर 91.12 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है, जो पहले से ही नरमी का संकेत था। वहीं अमेरिकी बेंचमार्क डब्ल्यूटीआई क्रूड भी नीचे आया है और अब 87.36 डॉलर प्रति बैरल के भाव से कारोबार कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई यह कमी आमतौर पर घरेलू बाजार में ईंधन के दाम घटाने का संकेत देती है। हालांकि शनिवार को देश के प्रमुख महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## बाजार से विदेशी निवेशकों का मोहभंग? निकाले हजारों करोड़ रुपये, 10 सवालों के जवाब से समझें सबकुछ




नई दिल्ली (ए.)। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने मई 2026 में लगातार तीसरे महीने इक्विटी बाजार से भारी पूंजी निकाली है। भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक निवेश के बदलते रुख का असर दलाल स्ट्रीट पर साफ देखने को मिल रहा है। इस मौजूदा कारोबारी माहौल और बाजार की चाल को समझने के लिए, आइए इस विषय का 10 आसान सवालों और जवाबों के जरिए विश्लेषण करते हैं।

**1. वैश्विक तनाव के बीच भारतीय बाजार में अभी ताजा हालात क्या हैं?**

जवाब: नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई 2026 में भारतीय शेयर बाजार से 32,963 करोड़ रुपये की भारी-भरकम निकासी की है। इसके असर से इस वर्ष में अब तक सेंसेक्स में 12.5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ चुकी है। यह 86100 के ऊपरी स्तरों से फिसलकर 74,775के स्तर तक पहुंच गया है। इस दौरान निफ्टी में भी करीब 10 से 11 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह अपने उच्चतम स्तर 26,373.20 से धड़ाम होकर 25,500 के स्तर पर पहुंच गया है।

**2. क्या विदेशी निवेशकों का पैसा निकालने का यह ट्रेंड नया है?**

जवाब: नहीं, यह इस साल 2026 का लगातार तीसरा महीना है जब विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में नेट सेलर (शुद्ध रूप से बिकवाल) बने हुए हैं। विदेशी निवेशक या एफपीआई जैसे पेंशल फंड, हेज फंड और विदेशी म्यूचुअल फंड भारतीय बाजार में खास तौर पर शेयर और बॉन्ड में निवेश करते हैं। एफपीआई की ओर से बिकवाली का साफ मतलब है कि विदेशी निवेशक जिन्होंने कभी भारतीय शेयरों पर भरोसा जताया था वे अब अपने पैसे निकालकर अपने देश या दूसरे बाजारों की ओर ले जा रहे हैं।

**3. साल 2026 में अब तक विदेशी निवेशक कुल कितनी रकम निकाल चुके हैं?**

जवाब: इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक, विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार (इक्विटी) से कुल 2,24,932 करोड़ रुपये की पूंजी निकाली है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अपेक्षा के अनुरूप ही

सुप्रीम कोर्ट का फैसला उचित होने के बावजूद उससे बुल्डोजरी अंदाज में कराए गए एसआईआर पर उठे सवालों का जवाब नहीं मिला है। ना ही इससे निर्वाचन आयोग की मंशा पर जताए गए शक दूर होंगे।

मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण संवैधानिक रूप से उचित है, इसको लेकर कभी किसी को शक नहीं था। निर्वाचन आयोग को यह प्रक्रिया संपन्न कराने का अधिकार है, इस पर भी कोई भ्रम कभी नहीं रहा। अब सुप्रीम कोर्ट ने यही व्यवस्था दी है, तो वह अपेक्षा के अनुरूप ही है। विवाद इसे कराने के लिए चुने गए वक्त पर था। बिहार में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले एसआईआर कराने का एलान निर्वाचन आयोग ने किया, तो उचित सवाल उठा कि आखिर इसकी जल्दबाजी क्यों है? क्यों नहीं यह काम तसल्ली से और सभी संबंधित पक्षों को भरोसे में लेते हुए कराया जा सकता है? जल्दबाजी के कारण मची अफरातफरी से बड़ी संख्या में मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने की आशंका पैदा हुई। कम-से-कम पश्चिम बंगाल में ऐसा असल में हुआ, यह कहने का ठोस आधार है। इन पहलुओं को ध्यान में रखें, तो कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला उचित होने के बावजूद उससे बुल्डोजरी अंदाज में कराए गए एसआईआर पर उठे सवालों का जवाब नहीं मिला है। ना ही इससे निर्वाचन आयोग की मंशा पर जताए गए शक दूर होंगे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने जब राज्यों में चुनाव से ठीक पहले स्ट्रीमरोलर के अंदाज में कराए जा रहे एसआईआर पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, तो उसके साथ ही घटनोपरांत सुधार की गुंजाइश खत्म हो गई थी।बहरहाल, अब आए निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि निर्वाचन आयोग को एसआईआर के दौरान नागरिकता की जांच करने का अधिकार है। मगर तीन जजों की बेंच ने यह भी कहा कि मतदाता सूची में नाम शामिल ना करने का मतलब व्यक्तियों को उनकी नागरिकता से वंचित करना नहीं है। जिनके नाम हटाए गए, वे बाद में अपने दावे के साथ निर्णय प्रक्रिया में जा सकते हैं। मगर यह व्यवस्था समस्याग्रस्त है। सवाल है कि क्या वोट काट कर किसी वैध नागरिक को मतदान से वंचित रखने जवाबदेही तय की जाएगी और क्या इसकी कोई सज़ा होगी? ऐसा नहीं होने का मतलब क्या नागरिक के साथ अन्याय और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करना नहीं होगा?

# मैं दिल्ली, हर चीज़ से पहले यहाँ थी!

**श्रुति व्यास**

मुझे हमेशा मेरे लोगों ने बनाया। वे लोग जो बाहर से आए, जिन्होंने मुझे अपनाया और ऐसा करके मुझे बनाया। मैं हमेशा दिल वालों की दिल्ली रही हूँ। जन्म से नहीं, चुनाव से। ठहरने से। किसी कठिन चीज़ से प्रेम करने और उसे घर कहने से। पर अब मुझे इतनी गहराई तक खोद दिया गया है कि मैं अपने भीतर का रिसाव सुन सकती हूँ। वे पेड़ गिरते सुनती हूँ जो दशकों से मेरे साथ खड़े थे।

मेरी नसों पर मेट्रो के फैल जाने से पहले। उन फ्लाईओवरों के एक दूसरे पर चढ़ते जाने से पहले, जब आसमान तक इंजीनियर किया हुआ लगने लगा था। उन मॉलों के आने से पहले, जिनमें इत्र और ठंडी हवा की गंध भरी रहती है, और जहाँ कभी पुराने सिनेमा हुआ करते थे। फीके पड़ते पोस्टर, चिपचिपी फ़र्श और देर रात तक चलती फ़िल्में। उन कैफ़े के आने से पहले, जिनके अंग्रेज़ी नाम हैं और जिन्होंने उन रेस्तराँ की जगह ले ली जहाँ वेटर पिता तक को पहचानते थे। उस समय से पहले, जब यह शहर खुद से ही अधीर होने लगा था। उस सबसे पहले, मैं यहाँ थी।

ब्रिटिशों के मेरे सीने पर अपनी सीधी, औपचारिक सड़कें खींचकर उसे नई दिल्ली कहने से पहले, मानो शहर की कल्पना सबसे पहले उन्हीं ने की हो। मुगलों के मुझे एक साथ भव्य और उदास बना देने से पहले। तुगलकों के मुझे बार बार बसाने और छोड़ने से पहले, उस बेचैनी के साथ जिसमें उन्हें खुद भी यक़ीन नहीं था कि मैं रहने लायक हूँ या नहीं। मैंने उन सबको आते देखा है। जाते भी। साम्राज्य हमेशा खुद को स्थायी मानकर आते हैं। शहर उनसे ज़्यादा जानते हैं।

1947 में मैं एक तूफ़ान से गुज़री थी। विभाजन मेरे भीतर घाव की तरह उतरा था। लाखों शरणार्थी आए। शहर की पहचान लगभग एक रात में बदल गई। फिर भी अजीब बात है, वे मेरे सबसे मुलायम साल थे। देश नया भी था, थका हुआ भी, और उम्मीद से भरा भी। मैं भी वैसी ही थी।

चाँदनी चौक में तब भी ताँगे चलते थे। लोग राजपथ पर साइकिल चलाते थे। जनपथ का कॉफ़ी हाउस तब तक खुला रहता था, जब तक कवियों और पत्रकारों के पास सिगरेट और बहस, दोनों खत्म नहीं हो जाते थे। हवा तब बस हवा थी। पानी बिना घबराहट के आता था। हर मौसम थकाता था, लेकिन सज़ा जैसा नहीं लगता था। शामें धीमी उतरती थीं। पेड़ों की छाया लंबी होती थी और सरकारी दफ्तरों से लौटते लोग बिना जल्दी के बस स्टॉपों पर खड़े दिखाई देते थे। पुरानी दिल्ली की गलियों में रात देर तक बर्तनों की आवाज़ें आती रहती थीं। नई दिल्ली अब भी अपने चौड़े रास्तों में आधी खाली लगती थी। शहर तब इतना तेज़ नहीं भागता था। उसे अभी खुद को साबित करने की उतनी बेचैनी नहीं हुई थी।

मुझे वह भी याद है। सर्दियों की धूप में गोल मार्केट के लॉन पर दौड़ते छोटे कदम। बाबा खड़क सिंह मार्ग पर स्कूल बस पकड़ने के लिए भागती हुई वह लड़की। अपने पिता का इंतज़ार करती हुई, जो उसे तालकटोरा में तैरने ले जाते थे। हरियाली से भरा मेरा पुराना मुग़ल कटोरा, रिज की धरती में आसमान की ओर खुला हुआ। उसका स्कूल अदालत, स्टेडियम और प्रगति मैदान के पास था। वहीं हर साल पुस्तक मेला लगता था और राज रेवाल की कंक्रीट जाली पूरे परिसर के ऊपर उठती दिखाई देती थी। ज्यामिति, महत्वाकांक्षा और खुद पर भरोसा करती एक पूरी पीढ़ी का आकार। उसे तब यह नहीं पता था कि वह क्या महसूस कर रही है। वह बस ऊपर देखा करती थी।

वह बड़ी हुई और मैं उसके साथ बदलती गई। हर रविवार शाम अपने भाई के साथ रेल भवन के बाहर खड़े पुराने भाप इंजन को चलाने का नाटक करती हुई। 1925 का वह दार्जिलिंग इंजन, छोटा, गरिमामय, जिसे दशकों तक वहीं रखा गया, जब तक किसी ने यह तय नहीं कर लिया कि उसकी जगह वंदे भारत की प्रतिकृति ज़्यादा उपयुक्त लगेगी। संसद सत्रों के दौरान गाड़ी का संसद मार्ग की ओर मुड़ना, और पीछे बैठी वह लड़की उस गोल, ठहरी हुई इमारत को देखती रहती, जो सड़क के इतना करीब लगती थी मानो हाथ बढ़ाकर छू सकती हो। तब भी लोगों पर विश्वास करती हुई, जिनके लिए वह बनाई गई थी।

सर्दियों की धुंध। फ़ुटपाथों पर जामुन के दाग। खुली खिड़कियों से भीतर आती बरसाती हवा। मई में पूरी सड़कों को लाल कर देने वाले गुलमोहर। ऊपर से झरते अमलतास। वह दिल्ली, जिसने खुद को लगातार साबित करना अभी शुरू नहीं किया था। वह बड़ी होती गई और मुझे अपने भीतर कहीं जमा करती गई। लेकिन आज मैं वैसी नहीं रही, जैसी मैंने खुद को उसे दिखाया था।

इस साल की गर्मी चार महीने तक बिना किसी माफ़ी के मेरे सीने पर बैठी रही। मेरे पेड़, जो हाल की कटाइयों से बच पाए, पूरी गर्मी चुप खड़े रहे। उन्होंने सुंदर दिखने की कोशिश तक छोड़ दी थी। वे बस जीवित रहने की कोशिश कर रहे थे। चाणक्यपुरी से होकर गुज़रो, तब समझोगे कि मैं कैसी थी। चौड़ी हरी सड़कें। ऊपर झुकते विशाल पेड़, जैसे कोई भरोसा सिर पर फैला हो। दिल्ली को ऐसे बनाया गया था कि वह साँस ले सके। ऐसी जगहों के साथ, जो अपनी अहमियत जानती थीं।

अब मैं राष्ट्रपति भवन के पीछे नई इमारतों को उठते देखती हूँ। ऊँची, रंगहीन और खुद पर बेहद यक़ीन से भरी हुई। लेकिन वे भरोसा नहीं बढ़ातीं। वे केवल उसे बीच में तोड़ देती हैं। मध्य दिल्ली, जिसे बाकी दुनिया लुटियंस दिल्ली कहती है, में कभी एक गरिमा थी। विरासत में मिली हुई, जटिल, राजनीति से खाली नहीं, फिर भी गरिमा। ऐसी गरिमा जो दशकों में बनती है, जिसे समारोह निभाने के लिए शोर की ज़रूरत नहीं पड़ती। राजस्थान से पत्थर काटकर उन्हें जमा देने भर से आत्मविश्वास नहीं आता। सड़कों के नाम बदल देने, इमारतों को नए नाम दे देने, कर्तव्य पथ और सेवा सदन कह देने भर से किसी शहर का स्वभाव नहीं बनता। स्वभाव धीरे धीरे बनता है। उसमें पीढ़ियाँ लगती हैं। जो आज बनाया जा रहा है, उसे माफ़ करने में भी शायद पीढ़ियाँ लगेंगी।

और फिर राजपथ है।

उसका। उनका। मेरा।

अब वह गर्म पत्थरों और डामर की लंबी पट्टी में बदल चुका है। छोटी छोटी रोशन पोखरें, जिनकी चमक मुझ पर जँचती नहीं। पीली बैरिकेडें उन सड़कों के किनारे खड़ी हैं जो कभी खुली थीं, उदार थीं, लोगों के लिए बनी थीं। बगीचों को स्मारकों में बदल दिया गया। जगह जगह मूर्तियाँ और आकृतियाँ लगा दी गईं, मानो चीज़ों से भर देने भर से किसी शहर को अर्थ मिल जाता हो।

ऐसा नहीं होता।

इससे मैं केवल ऐसी दिखती हूँ जैसे कोई खुद को भूल चुका हो और बहुत कोशिश कर रहा हो कि याद कर सके। उस सड़क पर उठती गर्मी अब केवल मरीचिका नहीं रही। वह मैं हूँ, जलती हुई।

लेकिन यह कहानी सिर्फ इमारतों या बदलते नामों की नहीं है। मैं हमेशा ऐसे बदलावों से बचती रही हूँ। जिस चीज़ से मैं शायद न बच पाऊँ, वह यह है। कहा जा रहा है कि ये बदलाव मुझे उपनिवेशवादी इतिहास से मुक्त करने के लिए किए जा रहे हैं। लेकिन उसी इतिहास ने मुझे बनाया भी था। परतों वाली, सहनशील, मेरी अपनी। और जैसे जैसे उसे हटाया जा रहा है, मैं खुद को भीतर से बिखरता महसूस करती हूँ।मुझे इतनी गहराई तक खोदा गया है कि मैं अपने भीतर का रिसाव सुन सकती हूँ। वे पेड़ गिरते सुनती हूँ जो दशकों से मेरे साथ खड़े थे। अपनी नदियों को घुटते देखती हूँ।

## राम ही मेरा धर्म है

*– संजय गोस्वामी*

राम सभी रिश्तों का सम्मान करते थे चाहें भाई का हो या सिता माँ या दोस्त सुग्रीव । उन्होंने अपने पिता के सम्मान की रक्षा के लिए स्वेच्छा से 14 वर्ष जंगल में बिताने का निर्णय लिया। इस समय उनके सौतेले भाई लक्ष्मण भी उनके साथ वनवासियों के पास गये। राजा दशरथ की तीन पत्नियाँ और चार पुत्र थे; वे सभी एक दूसरे से बहुत प्यार करते थे। उनका प्रेम इतना पवित्र था कि भले ही वे शारीरिक रूप से अलग थे, लेकिन उनके दिल एक थे। राम के एक अन्य भाई भरत को शक्तिशाली सिंहासन दिया गया था, लेकिन उन्होंने कभी भी स्वयं को राजा नहीं माना। इसके बजाय, उन्होंने राम के घर लौटने की प्रतीक्षा की और उन्हें राज्य लौटा दिया। हम सबके लिए यही सीख है कि हमें हमेशा एक परिवार के रूप में एकजुट रहना चाहिए। एकता के फल हमें सबसे बुरे तूफानों से पार पाने की शक्ति देंगे। हर रिश्ता हमारे लिए लालच, क्रोध और शक्ति से ऊपर उठने का एक अवसर है। यदि हम प्रेम को अन्य सभी चीजों से ऊपर मानेंगे तो जीवन के प्रति हमारा मूल्य और सम्मान स्वत: ही बढ़ जाएगा। इसके अलावा, यह हमारी आत्मा को शुद्ध करता है और हमें अच्छे कर्म के मार्ग पर अग्रसर करता है। राम बहुत विनम्र और दयालु थे, इसलिए वह सभी के साथ समान व्यवहार करते थे। उन्होंने तुरन्त ही वे फल भी खा लिए जो बेचारी बूढ़ी शबरी ने खाए थे, जिसके पास देने के लिए शुद्ध प्रेम के अलावा कुछ भी नहीं था। इससे हमें यह सीख मिलती है कि हमें सभी से प्रेम करना चाहिए और उनका सम्मान करना चाहिए। जाति, धर्म, रंग या स्थिति के आधार पर किसी के साथ भेदभाव न करें। भगवान राम ने टीमवर्क पर जोर दिया। उनके समूह में बंदर, भालू और मनुष्य शामिल थे, जिससे वे अच्छे योद्धा बन गये।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर

**– हर्षवर्धन पान्डे**

भारत अपनी गौरवशाली संस्कृति, इतिहास और परंपराओं के लिए दुनिया में जाना जाता है। यहाँ अनेक ऐसे योद्धा, शासक, शासिकाओं और वीरांगनाओं ने जन्म लिया है जिनका नाम लोककल्याण जैसे अनेक कार्यों में आज भी गर्व के साथ लिया जाता है। इनमें से अहिल्याबाई होल्कर का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। देश में जब भी किसी महिला का जीवन आदर्श, वीरता, त्याग , राष्ट्रभक्ति के लिए सदा याद किया जाता है, उनमें रानी अहिल्याबाई होल्कर अग्रणी हैं। वे 18वीं शताब्दी की एक ऐसी प्रेरणादायक महिला थी जिनका पूरा जीवन आज समाज के लिए बड़ी प्रेरणा का स्रोत है। होल्कर राजवंश का इतिहास जितना समृद्ध रहा है, उतनी ही अहिल्याबाई होल्कर की विरासत लोककल्याण के कार्यों के लिए जानी जाती है।

कुशल प्रशासन एवं कर्तव्यपरायणता जैसे अपने अनेक मानवीय गुणों के कारण अहिल्याबाई होल्कर के द्वारा कराये गए अनेक कार्य देश में आज भी बड़े गर्व और आदर के साथ याद किये जाते हैं। उन्होंने अपने जीवनकाल में कभी कहीं कोई समझौता नहीं किया। पूरी कर्तव्यनिष्ठा व अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोककल्याण एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति संकल्पबद्ध होकर हर पल का सदुपयोग ही किया शायद यही वजह थी कि समाज के बीच उनकी एक अलग ही विशिष्ट पहचान और प्रतिष्ठा थी। भारतीय संस्कृति एवं लोककल्याण के कार्यों के प्रति उन उनका सम्मान का भाव उनके द्वारा किए गए अनेकानेक कार्यों में देखा जा सकता था। हमारी संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन हेतु जन



-जन को प्रेरित व प्रोत्साहित करना उनका स्वाभाविक गुण था। सचमुच उनका जीवन आज समाज के लिए प्रेरणा व प्रोत्साहन का अविरल स्रोत है। ऐसी महान धर्म प्रेमी, संस्कृति प्रेमी व मानवता प्रेमी कर्मयोगी शासिका के जीवन से आज हर किसी को प्रेरणा लेने की जरूरत है।

अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई, 1725 को अहमदनगर, महाराष्ट्र के गाँव छौंदी में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। एक साधारण से किसान परिवार में जन्मी अहिल्याबाई होलकर छोटी उम्र से ही अपनी संस्कृति पर गर्व करती थी, साथ ही प्रजा में रह रहे आमजनों की पीड़ा की अनुभूति भी करती थी। इनके पिता मनकोजी राव शिन्दे शिवभक्त थे। पिता के संस्कार बालिका अहिल्या पर भी पड़े। उनके पिता मानकोजी शिंदे खुद धनगर समाज से थे, जो गांव के पाटिल की भूमिका निभाते थे। अहिल्याबाई का जीवन भी बहुत साधारण तरीके से गुजर रहा था लेकिन एकाएक किस्मत ने पलटी खाई और वह 18वीं सदी में मालवा प्रांत की रानी बन गई। अहिल्याबाई होल्कर ने मालवा प्रांत की महारानी बनकर राजमाता के रूप में बड़ी लकीर खींची।

युवा अहिल्यादेवी का चरित्र और सरलता ने मल्हार राव होल्कर को भी प्रभावित किया। वे पेशवा बाजीराव की सेना में एक कमांडर के तौर पर काम करते थे। उन्हें अहिल्या इतनी अच्छी लगी कि उन्होंने उनकी शादी अपने बेटे खांडे राव से करवा दी। इस तरह अहिल्या बाई एक दुल्हन के तौर पर मराठा समुदाय के होल्कर राजघराने में पहुंची। उनके पति की मौत 1754 में कुंभेर की लड़ाई में हो गई थी। ऐसे में अहिल्यादेवी पर जिम्मेदारी आ गई। उन्होंने अपने ससुर के कहने पर न केवल सैन्य मामलों में बल्कि प्रशासनिक मामलों में भी रुचि दिखाई और प्रभावी तरीके से उन्हें अंजाम दिया। शादी के बाद उनका एक पुत्र और एक पुत्री हुई। वहीं कुछ सालों बाद ही अहिल्याबाई के पति का देहांत हो गया। इसके कुछ समय बाद ही 1766 में उनके ससुर मल्हारराव होल्कर की भी मृत्यु हो गई। जिसके बाद उन्होंने सत्ता को संभालने का भार अपने ऊपर ले लिया। शासन संभालने के कुछ दिनों बाद ही साल 1767 में उनके जवान पुत्र मालेराव की भी मृत्यु हो गई। पति, पुत्र , पुत्री , पुत्रवधू और पिता समान ससुर को खोने के बाद भी उन्होंने जिस तरह साहस और धैर्य से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया, वो सराहनीय है। इस संकटकाल में एक तपस्विनी की तरह से श्वेत वस्त्र धारण कर राजकाज चलाया और परिवार पर भीषण वज्रघात के बाद भी रानी अविचलित रहते हुए अपने कर्तव्यपथ पर हमेशा डटी रही।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने पर विचार करेंगे।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज पैसों के लेन देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लवमेट आज अपने रिश्ते के बारे में घरवालों को बताएंगे, घरवाले इस पर विचार भी करेंगे। इस राशि के कैमिस्ट शॉप वाले लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनाएंगे।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। आपका पुराना दोस्त आपको फोन कर के सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जतायेंगे। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी। आपको अपना कारोबार बढ़ाने के लिए आज कई मौके मिलेंगे।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज का दिन मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है। आपके काम की शिकायत हो सकती है।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जायेंगे।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, नया केस हाथ लगेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी। जीवनसाथी के साथ अच्छी मूवी देखने का मन बनायेंगे।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज आपका दिन ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा। आज पड़ोसी आपके कार्यों को पूरा करने में आपकी सहायता करेंगे।

कुंभ राशि:कुंभ राशि वालों आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी बेहतरीन राय देंगे। बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे। आपका लेखन और अच्छा होगा।

मीन राशि: मीन राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी। बच्चे आज अपनी पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे।

# बुद्ध के मुख्य शिष्यों की पवित्र विरासत

**श्री विवेक अग्रवाल**

लेखक भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय में सचिव हैं

बुद्ध के दो मुख्य शिष्यों - अरहंत सारिपुत्त और अरहंत महामोग्गल्लान - के पवित्र अवशेष 1 से 10 जून तक उलानबटोर के गंदन मठ में प्रदर्शनी के लिए भारतीय वायुसेना ( IAF ) के एक विशेष विमान से मंगोलिया ले जाए जाएंगे ।

दो सहस्राब्दियों से अधिक समय से, बौद्ध जगत में अरहंत सारिपुत्त और अरहंत महामोग्गल्लान के नाम अत्यधिक श्रद्धा के केंद्र रहे हैं । गौतम बुद्ध के दो मुख्य शिष्यों के रूप में, वे न केवल बुद्ध के सबसे करीबी आध्यात्मिक साथी थे, बल्कि उनके ज्ञानोदय के बाद धम्म के प्रमुख रक्षक और प्रसारक भी थे ।

बौद्ध परंपरा के अनुसार, सारिपुत्त और महामोग्गल्लान का जन्म वर्तमान नालंदा के पास, मगध क्षेत्र के पड़ोसी गांवों में एक ही दिन हुआ था । सारिपुत्त का जन्म उपतिस्स गांव में हुआ था, जबकि महामोग्गल्लान का जन्म कोलित गांव में हुआ था । बचपन की दोस्ती के बंधन में बंधे इन दोनों जिज्ञासुओं ने अंतत: परम सत्य की खोज में एक साथ सांसारिक जीवन का त्याग कर दिया । उनकी आध्यात्मिक यात्रा बुद्ध के सानिध्य में पूरी हुई, जहाँ वे जल्द ही प्रारंभिक संघ के दो सबसे प्रतिष्ठित सदस्यों के रूप में उभरे ।

सारिपुत्त को ज्ञान और सैद्धांतिक विश्लेषण के सर्वोच्च गुरु के रूप में जाना जाता था । बौद्ध ग्रंथ उन्हें असाधारण बौद्धिक स्पष्टता और करुणा एवं सटीकता के साथ शिक्षाओं को समझाने की अद्वितीय क्षमता से संपन्न बताते हैं । उन्होंने भिक्षुओं के अनुशासन की देखरेख की, ध्यान साधना का मार्गदर्शन किया और स्वतंत्र रूप से भिक्षुओं को दीक्षित करने वाले पहले अधिकृत शिष्य बने । बुद्ध के सीधे निर्देश के बाद, बुद्ध के पुत्र राहुल को सारिपुत्त द्वारा एक नवदीक्षित भिक्षु (सामनेर) के रूप में दीक्षित किया गया था । उनके नेतृत्व और धम्म पर असाधारण पकड़ के कारण, बुद्ध ने उन्हें धम्म का सेनापति (धम्मसेनापति) की उपाधि दी थी ।

थेरवाद बौद्ध परंपरा के अनुसार, ज्ञान प्राप्त करने के बाद बुद्ध ने तावतिंस स्वर्ग में अपनी माता (जिनका वहां पुनर्जन्म हुआ था) सहित देवताओं को अभिधम्म की शिक्षा दी थी । इस अवधि के दौरान, बुद्ध हर दिन कुछ समय के लिए मानव लोक में लौटते थे, जहाँ वे सारिपुत्त को उन शिक्षाओं का सारांश सुनाते थे, और फिर सारिपुत्त उन शिक्षाओं को व्यवस्थित रूप से जन-जन तक पहुँचाते थे ।

इसके विपरीत, महामोग्गल्लान को ध्यान और आध्यात्मिक उपलब्धियों के अग्रणी गुरु के रूप में सम्मान प्राप्त था । बौद्ध साहित्य में उन्हें गहन ध्यान शक्तियों और अस्तित्व के विभिन्न लोकों को देखने की क्षमता से युक्त बताया गया है । देवताओं, ब्रह्मों और दुखी अवस्थाओं में कष्ट भोग रहे जीवों के साथ अपने संवादों के माध्यम से, उन्होंने कर्म के सिद्धांतों और संसार की वास्तविकताओं को स्पष्ट किया । उनकी शिक्षाओं ने अनुयायियों को मानवीय कर्मों के नैतिक और आध्यात्मिक परिणामों की स्पष्ट समझ प्रदान की । गौतम बुद्ध ने अरहंत महामोग्गल्लान पर एक शिक्षक, आध्यात्मिक मार्गदर्शक और प्रारंभिक संघ के रक्षक के रूप में गहरा भरोसा किया, जो अक्सर अनुशासन और सामुदायिक नेतृत्व के मामलों में बुद्ध की ओर से कार्य करते थे । उन्होंने देवदत्त द्वारा पैदा किए गए संघ-भेद (विभाजन) को दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे भिक्षुओं को बुद्ध के साथ फिर से एकजुट करने और बौद्ध समुदाय की एकता को बनाए रखने में मदद मिली ।

पवित्र अवशेष और उनकी चिरस्थायी श्रद्धा

अरहंत सारिपुत्त और अरहंत महामोग्गल्लान का परिनिर्वाण बुद्ध और बौद्ध संघ के लिए एक अत्यंत भावुक क्षण था । अरहंत सारिपुत्त ने बुद्ध के महापरिनिर्वाण से कुछ समय पहले, कत्तिका/कार्तिक (अक्टूबर/नवंबर) महीने की पूर्णिमा को अंतिम मुक्ति (परिनिर्वाण) प्राप्त की, जबकि परंपरा के अनुसार अरहंत महामोग्गल्लान का परिनिर्वाण लगभग पंद्रह दिन बाद, उसी महीने की अमावस्या को हुआ था ।

बौद्ध परंपरा में, उन्हें आध्यात्मिक प्राप्ति का पवित्र प्रतीक और ज्ञानोदय का जीवंत स्मरण माना जाता है । इसलिए, अरहंत सारिपुत्त और अरहंत महामोग्गल्लान के पवित्र अवशेष असाधारण महत्व रखते हैं, जो बुद्ध धम्म के त्रिरत्नों में से एक-संघ की साक्षात प्राप्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं । विभिन्न बौद्ध संस्कृतियों में, ये पवित्र अवशेष आज भी भक्ति, तीर्थयात्रा और आत्मचिंतन को प्रेरित करते हैं । उनका आदर प्राचीन भारत से आधुनिक विश्व तक बुद्ध की शिक्षाओं की निरंतरता का प्रतीक है । इस गहरी श्रद्धा का एक भव्य नजारा फरवरी 2024 में थाईलैंड में देखा गया, जो हाल के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध राजकीय समारोहों में से एक था ।

थाईलैंड की ऐतिहासिक 2024 अवशेष प्रदर्शनी

अरहंत सारिपुत्त और अरहंत महामोग्गल्लान के अवशेष 23 फरवरी 2024 को पहली बार भारत से बाहर गए, जब थाईलैंड ने बैंकॉक के सनम लुआंग में बुद्ध के पवित्र अवशेषों के साथ-साथ अरहंत सारिपुत्त और अरहंत महामोग्गल्लान के अवशेषों की स्थापना के लिए एक भव्य राजकीय समारोह का आयोजन किया था । इस ऐतिहासिक आयोजन की संयुक्त अध्यक्षता सोमदेत फ्रा संघराजा सकल महा संघपरिणायक और प्रधान मंत्री स्रेत्था थाविसिन ने की थी । रॉयल थाई सरकार और भारत सरकार के सहयोग से गंगा-मेकांग पवित्र बुद्ध अवशेष पहल के तहत आयोजित यह प्रदर्शनी, महा वजिरालोंगकोर्न की छठी-चक्र वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आयोजित उत्सवों का हिस्सा थी । भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC) ने भारत से भिक्षुओं और शिक्षाविदों को लाने और बैंकॉक के सिल्पकर्न विश्वविद्यालय में एक पूर्ण दिवसीय विपश्यना कार्यक्रम आयोजित करके इस प्रदर्शनी के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।



## महाराष्ट्र के परभणी में बाइक-बस की आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत

मुंबई, (आरएनएस)। महाराष्ट्र के परभणी जिले में एक मोटरसाइकिल और एक निजी बस के बीच हुई भीषण टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना व्यस्त परभणी-पाथरी मार्ग पर राहुल जिनिंग के पास अंधारवाड़ मारुति मंदिर क्षेत्र के नजदीक हुई। अधिकारियों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अधिकारियों के अनुसार, श्रीनिधि ट्रेवल्स की बस परभणी से पुणे जा रही थी। इसी दौरान बस ने राहुल जिनिंग के पास आ रही बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार चारों लोगों की मौत हो गई। मृतकों के नाम शुभम अप्पाराव दाहे (30), विष्णु गोरे (28), प्रहलाद अशोकराव कुटे (29) और नवनाथ शामराव जाधव (38) हैं। तेज टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि कुछ ही देर बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब उत्तेजित भीड़ ने कथित तौर पर दुर्घटनाग्रस्त निजी बस को नुकसान पहुंचाया। पुलिसकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए हस्तक्षेप किया, जिससे अंततः हालात नियंत्रण में आ गए।

पुलिस सबइंस्पेक्टर (पीओआई) किशन पटांगे, प्रमोद देवकाटे और पुलिसकर्मियों ने स्थानीय नागरिकों की मदद से घायलों और मृतकों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। इस दुर्घटना के कारण राजमार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यातायात बहाल कर दिया।

इस दुर्घटना के कारण परभणी-पाथरी राजमार्ग पर अस्थायी रूप से यातायात बाधित हुआ, जिससे यातायात जाम हो गया और यात्रियों को देरी का सामना करना पड़ा।

दुर्घटना के बाद पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए मनावत के ग्रामीण अस्पताल भेज दिया है। मृतकों के परिजनों और आम नागरिकों की भारी भीड़ देर रात तक अस्पताल परिसर में जमा रही। एक ही गांव के चार लोगों की इस हादसे में मौत से मनावत कस्बे और आसपास के इलाकों में गहरा शोक छाया हुआ है।

पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। इस सड़क पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, पिछले महीने में कुल 9 लोगों की जान जा चुकी है।

## सलमान खान-सलीम खान को धमकाने वाला लखनऊ से गिरफ्तार, खुद को बताता था छोटा शकील का गुर्गा

नई दिल्ली (आरएनएस)। फिल्मों में काम मांगने के लिए अभिनेता सलमान खान के पिता सलीम खान और पीए को फोन कर धमकाने व चेन लूट के आरोपी हिस्ट्रीशीटर को गाजीपुर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी खुद को अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील का गुर्गा बताता था।

इंस्पेक्टर राजेश मौर्या ने बताया कि आरोपी प्रयागराज के शाहगंज के मो. शाहरुख पर 25 हजार रुपये का इनाम था। उसने तीन सप्ताह पहले इंदिरानगर में इरम स्कूल के पास महिला की चेन लूटी थी। पुलिस की टीम बृहस्पतिवार को बंधा रोड पर मजार के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी बिना नंबर प्लेट की बाइक आते दिखी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बाइक चला रहा शाहरुख भागने लगा, लेकिन वह पकड़ में आ गया। उससे लूटी चेन, आठ हजार रुपये बरामद हुए हैं।

शाहरुख के खिलाफ करेली, खुल्दाबाद, शाहगंज और धूमनगंज थानों में रंगदारी, हत्या का प्रयास, बमबाजी, जैसे 20 मामले हैं। वर्ष 2018 में उसने सलमान खान के पिता सलीम खान, पीए को धमकी दी थी। बांद्रा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी किया था। अगस्त 2019 में शाहरुख ने कारोबारी हमदान पर जानलेवा हमला भी किया था। वह कई बार मुठभेड़ में पकड़ा जा चुका है

## 400 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, 3 लोगों की थमी सांसें, तीन गंभीर घायल

चमोली ,(आरएनएस)। जिले में रफ्तार का कहर देखने को मिला है. तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी. घटना में कार सवार 3 लोगों की मौत हो गई. वहीं 3 गंभीर रूप से घायल हुए हैं. हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया. पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भिजवाया.

बता दें कि घटना देवाल के ल्वाणी गांव में उस वक्त घटी, जब 6 लोग कार में सवार होकर देहरादून से देवाल के वाक गांव जा रहे थे. इसी दौरान कार अनियंत्रित हुई और सीधे 400 मीटर गहरी खाई में जा समाई. वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और गांव के लोग मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाते हुए बाहर निकाला और पीएम के लिए भेजा. घटना में मरने वालों की पहचान बलवीर सिंह (52), शांति देवी (48) और अंशु बिष्ट (18) के रूप में हुई है. वहीं तीन घायलों का इलाज जारी है. पुलिस घटना की जांच में जुट गई है. जांच के बाद ही घटना के पीछे का असल कारण पता चल सकेगा।

# चीन की नई चाल : शिनजियांग के रेगिस्तान में बना रहा विशाल सैन्य ढांचा; सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। चीन के शिनजियांग क्षेत्र के दूरदराज रेगिस्तानी इलाके में बड़े पैमाने पर सैन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण की खबरों ने वैश्विक सुरक्षा विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित किया है। रक्षा विश्लेषकों का मानना है कि यह परियोजना चीन की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता (Nuclear Deterrence) को मजबूत करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा हो सकती है, ताकि किसी संभावित हमले की स्थिति में भी उसकी जवाबी कार्रवाई की क्षमता बरकरार रहे।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स द्वारा प्रकाशित हालिया सैटेलाइट तस्वीरों के विश्लेषण के अनुसार, चीन भूमिगत मिसाइल साइलो के आसपास लॉन्च पैड, बंकर और संचार केंद्रों का विस्तृत नेटवर्क विकसित कर रहा है। माना जा रहा है कि इन क्षेत्रों में लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें तैनात की जा सकती हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक, यह नया सैन्य ढांचा शिनजियांग के पूर्वी रेगिस्तान में स्थित दो अष्टकोणीय परिसरों के आसपास विकसित किया जा रहा है। सैटेलाइट तस्वीरों में इन परिसरों के भीतर



सैन्य वाहनों और कर्मियों के लिए सुविधाएं दिखाई देती हैं। इनके आसपास बख्तरबंद बंकर, हथियार भंडारण केंद्र, हवाई पट्टियां और रेलवे नेटवर्क भी विकसित किए गए हैं, जो इन्हें प्रमुख मिसाइल ठिकानों से जोड़ते हैं।

सुरक्षा विशेषज्ञों के विश्लेषण के अनुसार, इस क्षेत्र में मोबाइल मिसाइल लॉन्चरों और वायु रक्षा प्रणालियों के संचालन के लिए 80 से अधिक कंक्रीट प्लेटफॉर्म तैयार किए गए हैं। इसके अलावा, यहां ऐसी संरचनाएं भी देखी गई हैं जिनका उपयोग इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, उपग्रह संचार और सैन्य कमांड एवं नियंत्रण गतिविधियों के लिए किया जा सकता है।

फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स के न्यूक्लियर इंफॉर्मेशन प्रोजेक्ट के निदेशक हंस क्रिस्टेंसन ने इस परियोजना को असाधारण बताया है। उनका कहना है कि इतने दुर्गम इलाके में इतने बड़े पैमाने पर सैन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण अत्यंत उल्लेखनीय है।

वहीं, हवाई स्थित पैसिफिक फोरम थिंक टैंक के विश्लेषक अलेक्जेंडर नील के अनुसार, यह निर्माण केवल मिसाइल साइलो क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि हजारों वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ दिखाई देता है। उनके मुताबिक, यह चीन के रणनीतिक परमाणु प्रतिरोध को अधिक मजबूत और बहुस्तरीय बनाने की दिशा में उठाया गया कदम हो सकता है।यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच तनाव लगातार बना हुआ है। दोनों देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच चीन की सैन्य तैयारियों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करीबी नजर रखी जा रही है।

## 3 जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं डीके शिवकुमार, मंत्रिमंडल में भी बड़ा फेरबदल

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक की राजनीति में जारी हलचल के बीच नेतृत्व परिवर्तन को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डीके शिवकुमार 3 जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। उनके साथ 10 अन्य मंत्रियों के भी शपथ लेने की संभावना जताई जा रही है। इसके बाद 18 जून के बाद मंत्रिमंडल विस्तार किया जा सकता है।



सूत्रों का कहना है कि राज्यसभा चुनाव के बाद कर्नाटक सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार की प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है। इस बीच राज्य सरकार में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चर्चाएं तेज हैं और कांग्रेस नेतृत्व शनिवार को होने वाली कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की महत्वपूर्ण बैठक की तैयारी में जुटा हुआ है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, डीके शिवकुमार की संभावित कैबिनेट में करीब 50 प्रतिशत नए चेहरों को जगह मिल सकती है। वहीं, कर्नाटक विधान परिषद में कांग्रेस के मुख्य सचेतक सलीम अहमद ने शुक्रवार को कहा कि मंत्रिमंडल गठन, क्षेत्रीय और सामाजिक (जातीय) प्रतिनिधित्व तथा संभावित उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति से जुड़े अंतिम फैसले सीएलपी बैठक के बाद कांग्रेस आलाकमान द्वारा लिए जाएंगे।बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल और रणदीप सिंह सुरजेवाला के शामिल होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर औपचारिक घोषणा की जा सकती है।

## फर्जी दस्तावेजों से पैतृक भूमि हड़पने के षड्यंत्र का खुलासा, दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ, (आरएनएस)। मोहनलालगंज थाना पुलिस ने फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर करोड़ों रुपये मूल्य की पैतृक भूमि हड़पने के कथित षड्यंत्र में शामिल दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे और उनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी।पुलिस के अनुसार 11 दिसंबर 2025 को ख्यालीगंज, कैसरबाग निवासी समीर मिर्जा की शिकायत पर मोहनलालगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ग्राम अमेठी, तहसील मोहनलालगंज स्थित उनकी पैतृक भूमि पर फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अवैध दावा प्रस्तुत करते हुए कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।विवेचना के दौरान सामने आया कि मुख्य आरोपी मोहम्मद फरीद मिर्जा ने स्वयं को वादी के दिवंगत चाचा खुसरू मिर्जा का वारिस दिखाने के लिए कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कराए। आरोप है कि इसके लिए उसने वास्तविक पारिवारिक विवरण छिपाकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र तथा अन्य दस्तावेज तैयार कर न्यायालय और अन्य मंचों पर प्रस्तुत किए। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपनी जीवित मां को मृत दर्शाते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कराया और कथित दफन से संबंधित भ्रामक दस्तावेजों का भी उपयोग किया।पुलिस के अनुसार संबंधित विभागों और संस्थाओं से प्राप्त रिपोर्ट में इन अभिलेखों के फर्जी और कूटरचित होने की पुष्टि हुई है। साक्ष्य संकलन के दौरान यह भी प्रकाश में आया कि कथित षड्यंत्र में कई अन्य लोगों की सक्रिय भूमिका रही। आरोपियों ने स्वयं को वादी पक्ष का रिश्तेदार बताकर संपत्ति पर दावा मजबूत करने का प्रयास किया तथा भूमि विक्रय अनुबंधों से प्राप्त धनराशि विभिन्न बैंक खातों में हस्तांतरित की गई।प्रकरण में पूर्व में मोहम्मद फरीद मिर्जा, मोहम्मद अशफाक मिर्जा उर्फ बाबू मियां और कलीम खां को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं फरार चल रहे फुरकान अहमद अब्बासी और अभिषेक यादव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।

## सीएम रेखा गुप्ता का बड़ा ऐलान, नीट परीक्षार्थियों के लिए फ्री में डीटीसी बस में सफर

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 21 जून परीक्षा के दिन सभी परीक्षार्थी निशुल्क डीटीसी की बसों में यात्रा कर सकेंगे और अपने-अपने सेंटर पहुंच सकेंगे। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए परीक्षार्थियों को केवल अपना वैध नीट एडमिट कार्ड बस कंडक्टर को दिखाना होगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हाल ही में नीट परीक्षा के रद्द होने के कारण अनेक परीक्षार्थियों को दोबारा नीट परीक्षा देनी पड़ रही है। ऐसे में परीक्षार्थियों और उनके परिवारों पर अतिरिक्त मानसिक, समयगत और आर्थिक दबाव पड़ना स्वाभाविक है। दिल्ली सरकार परीक्षार्थियों की इन चुनौतियों को समझते हुए उनके साथ खड़ी है। सरकार का प्रयास है कि परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को परिवहन संबंधी किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य से 21




जून को सभी नीट परीक्षार्थियों के लिए डीटीसी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वे बिना किसी अतिरिक्त तनाव के समय पर अपने एग्जाम सेंटर पहुंच सकें और पूरी एकाग्रता एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवाओं का समय, परिश्रम और भविष्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि परीक्षार्थियों को उनकी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान हरसंभव सहयोग और सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## जमीन विवाद ने लिया खूनी रूप, एक ही परिवार के 5 सदस्यों समेत 6 की हत्या; 2 गंभीर घायल

बेंगलुरु/विजयपुरा ,(आरएनएस)। कर्नाटक के विजयपुरा जिले में जमीन विवाद को लेकर हुई हिंसक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। जिले के चडाचन पुलिस थाना क्षेत्र के गोविंदपुरा गांव में शुक्रवार दोपहर एक ही परिवार के 5 सदस्यों समेत 6 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।



पुलिस के अनुसार, यह वारदात शुक्रवार दोपहर करीब 2 से 2:30 बजे के बीच हुई। मृतकों की पहचान दुंडप्पा रेवनसिद्दप्पा निराले (65), शिवपुत्र रेवनसिद्दप्पा निराले (58), चंद्रकांत उर्फ चंदू रेवनसिद्दप्पा निराले (55), राहुल शिवपुत्र निराले (25), समर्थ शिवपुत्र निराले (23) और शब्बीर बाबूसाब अत्तर (45) के रूप में हुई है। वहीं, अरविंद कटागे (72) और जेसीबी ऑपरेटर संदीप माने (33) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों का विजयपुरा शहर के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है।

पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निंबर्गी ने बताया कि घटना के पीछे 25 एकड़ जमीन को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद मुख्य कारण माना जा रहा है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, निराले परिवार ने हाल ही में नीवरगी के तेली परिवार से यह जमीन खरीदी थी। यह भूमि पिछले लगभग 15 वर्षों से विवादों में घिरी हुई थी, जिसके कारण तेली परिवार उस पर खेती नहीं कर पा रहा था।

# इस साल सामान्य से कम बरसेगा मॉनसून, जून में झुलसाएगी भीषण हीटवेव; IMD की नई भविष्यवाणी ने बढ़ाई चिंता



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने देश में इस साल होने वाली मॉनसूनी बारिश को लेकर एक बेहद चिंताजनक भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को आयोजित एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ किया है कि जून से सितंबर के दौरान होने वाली मॉनसूनी बारिश इस बार सामान्य से कम रहने वाली है। इससे पहले आईएमडी ने 13 अप्रैल को अपना पहला पूर्वानुमान जारी किया था। आज जारी किए गए दूसरे विस्तृत पूर्वानुमान में मौसम विभाग ने 'लॉन्ग रेंज रेन फॉल' के 90 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है, जिसमें 4 प्रतिशत का प्लस-माइनस (मॉडल त्रुटि) रखा गया है। देश के लगभग सभी क्षेत्रों में इस बार औसत से कम बारिश होगी और इसके पीछे 'सुपर अल-नीनो' के प्रभाव को मुख्य कारण बताया गया है।

देश के अलग-अलग हिस्सों में कैसा रहेगा मॉनसून का हाल?

मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सीजन के दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का वितरण काफी असमान और चिंताजनक रहने वाला है। उत्तर-पूर्व भारत (North-East India) एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जहां इस साल सामान्य बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया गया है, जो 'लॉन्ग पीरियड एवरेज' (LPA) का 94% से 106% तक हो सकती है। इसके विपरीत, देश के बाकी सभी प्रमुख हिस्सों में स्थिति चुनौतीपूर्ण रहेगी। मध्य भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में इस बार सामान्य से कम पानी बरसने की आशंका है। वहीं, उत्तर-पश्चिम भारत में एलपीए (LPA) का महज 92% यानी औसत से काफी कम बारिश होने का अनुमान है। सबसे ज्यादा चिंता 'मॉनसून कोर जोन' को लेकर है, जो मध्य भारत का वह प्रमुख हिस्सा है जहां की पूरी खेती सिर्फ और सिर्फ मानसूनी बारिश पर निर्भर करती है; इस ज़ोन में भी इस बार सामान्य से कम बारिश की मार झेलनी पड़ेगी। आईएमडी के महानिदेशक (DG) डॉ. एम. महापात्र ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जून 2026 के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक रहने की आशंका है। हालांकि, राहत की बात सिर्फ इतनी है कि मध्य, उत्तर-पश्चिम और पूर्व भारत के कुछ सीमित हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य या उससे थोड़ा कम दर्ज किया जा सकता है।

## झारखंड में आकाशीय बिजली का कहरः 5 लोगों की मौत, रांची सहित 13 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

रांची,(आरएनएस)। झारखंड के चार जिलों में पिछले 24 घंटों में बिजली गिरने से एक लड़की और दो महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को गढ़वा जिले से दो मौतें और रांची, धनबाद और बोकारो से एक-एक मौत की सूचना मिली।

अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को रांची के इटकी पुलिस स्टेशन क्षेत्र के कुल्ली गांव में अपने माता-पिता के साथ पेड़ से आम तोड़ रही 12 वर्षीय लड़की अश्रिता की बिजली गिरने से मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि उसके माता-पिता घायल हो गए और उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। वहीं गढ़वा में कंडी पुलिस स्टेशन क्षेत्र के गराखुर्द गांव में बिजली गिरने से 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि बानाजंघा गांव में 32 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# अखिलेश का भाजपा पर तंज, बोले- काला चश्मा लगाकर जनता को गुमराह करने वाले, अब जाने वाले

लखनऊ ,(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोपों की लंबी फेहरिस्त गिनाई। अखिलेश ने कानून-व्यवस्था, बुलडोजर कार्रवाई, आरक्षण, पीडीए वर्ग, पत्रकारों, अधिवक्ताओं, शिक्षामित्रों, आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और किसानों के मुद्दों को उठाते हुए सरकार को जनविरोधी बताया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, काला चश्मा लगाकर जनता को गुमराह करने वाले अब जाने वाले हैं, लौटकर नहीं आने वाले हैं। सपा प्रमुख ने दावा किया कि प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और आने वाले चुनावों में भाजपा को जवाब देगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कविता के माध्यम से लिखा, काला चश्मा लगाकर आने वाले, अपने सच्चे मुकदमे हटवाने वाले। झूठे-फर्ज़ी मुक़दमे लगवाने वाले घमंड में रावण तक को हराने वाले। नमस्ते का भी संबंध न निभानेवाले, बुलडोज़र से घर-दुकान ढहाने वाले, बिजली-पानी के लिए सताने वाले, पत्रकार पर अपशब्द बरसाने वाले, 'हाता नहीं भाता' नीति चलाने वाले, वनस्पति-खोज में विदेश जाने वाले, अपना झूठा महाप्रचार करवाने वाले, अधिवक्ताओं पे लाठी चलवाने वाले...।

उन्होंने कविता के जरिए आगे तंज कसते हुए कहा, मणिकर्णिका का घाट तुड़वाने वाले, सत्ता सजातीय पे कृपा बरसाने वाले, सांप्रदायिकता का विष फैलाने वाले, 'पीडीए' पर घोर जुल्म करवाने वाले, आरक्षण पे अपनी कैंची चलाने वाले, शिक्षकों से भूसे का दान जुटाने वाले, झूठे आश्वासन पे



शासन चलाने वाले, सबकी मांगों पर केवल टरकाने वाले, आशा-आंगनबाड़ी को भटकाने वाले, शिक्षामित्रों का मानदेय घटवाने वाले, संतो तक पर झूठे आरोप लगाने वाले, फर्ज़ी एनकाउंटर का राज चलानेवाले..।

अपनी कविता का समापन करते हुए सपा प्रमुख ने लिखा, अब हैं जाने वाले, लौटकर न आने वाले। उन्होंने संकेत दिया कि जनता आगामी चुनावों में सत्ता परिवर्तन का फैसला करेगी। सपा प्रमुख का यह बयान ऐसे समय आया है, जब प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो रही हैं और विभिन्न दल चुनावी रणनीति को धार देने में जुटे हैं।

## अगर सड़क पर नमाज गलत तो सभी त्योहारों के जश्न पर भी लगाओ रोक, ओवैसी ने लगाया डबल स्टैंडर्ड का आरोप

नई दिल्ली (आरएनएस)। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि अगर सड़कों पर नमाज पढ़ना गलत है तो सभी धर्मों की धार्मिक गतिविधियों पर भी समान रूप से पाबंदियां लागू होनी चाहिए। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 25 का हवाला दिया, जो धर्म की स्वतंत्रता और अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करने और उसे मानने के अधिकार की गारंटी देता है।



ईद मिलाप कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओवैसी ने तर्क दिया कि नमाज पर लोगों की आपत्तियां एक दोहरे मापदंड (double standard) को दर्शाती हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अन्य समुदायों द्वारा आयोजित धार्मिक जुलूसों और सभाओं पर इसी तरह की चिंताएं क्यों नहीं उठाई जातीं

## प्रत्येक सैनिक को ड्रोन उड़ाने में सक्षम होना चाहिए, कैडेटों को भविष्य के युद्धक्षेत्रों के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा : सेना प्रमुख

पुणे, (आरएनएस)। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों के प्रत्येक सैनिक के पास ड्रोन संचालित करने की क्षमता होनी चाहिए। कैडेटों और सैन्यकर्मियों को भविष्य के युद्धक्षेत्रों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से उन्हें ड्रोन प्रणालियों, सिमुलेटरों और ड्रोन-रोधी प्रौद्योगिकियों का व्यापक प्रशिक्षण तथा व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जा रहा है। पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 150वें बैच की पासिंग आउट परेड (पीओपी) के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईएएनएस के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए जनरल द्विवेदी ने ड्रोन युद्ध के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सेना ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की हैं कि सैनिक ऐसे सिस्टम संचालित करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस हों।उन्होंने कहा,सेना प्रमुख का पदभार संभालने के बाद मैंने ईगल ऑन द आर्म का विचार रखा था। इसका अर्थ है कि प्रत्येक सैनिक के हाथ में एक ईगल होना चाहिए। जब मैं यह कहता हूं तो मेरा तात्पर्य किसी पक्षी से नहीं, बल्कि ड्रोन से होता है। इसका मतलब है कि प्रत्येक सैनिक में ड्रोन संचालित करने की क्षमता होनी चाहिए। जनरल द्विवेदी ने बताया कि सैन्य संस्थानों और अकादमियों में ड्रोन संचालन से संबंधित प्रशिक्षण अवसंरचना को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

# ईरान ने दिया हमले का जवाब, अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइल दागीं, कई सैनिक घायल

## -अमेरिका के दो बेहद अहम एमक्यू-9 रीपर स्ट्राइक ड्रोन को पहुंचा भारी नुकसान



दोहा,(ए.)। ईरान ने अमेरिका के हालिया हमलों के जवाब में एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। इस हमले में कई अमेरिकी सैनिकों के घायल होने की खबर है। इसके अलावा दो एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भी डैमेज हुए हैं। दोनों देशों के बीच नाजुक युद्धविराम अब टूटने की कगार पर है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि गुरुवार सुबह उसके बलों ने उस अमेरिकी एयर बेस को निशाना बनाया, जिससे रात में ईरान के दक्षिणी हिस्से, खासकर बंदर अब्बास क्षेत्र में हमले किए गए थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह जवाबी कार्रवाई आक्रामक अमेरिकी हमले के खिलाफ थी। अमेरिकी अधिकारियों ने भी इस हमले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों के अंदर ईरान ने कुवैत में स्थित अली अल सलेम एयर बेस पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। हालांकि, कुवैत के एयर डिफेंस सिस्टम ने ईरान की मिसाइल को हवा में ही रोक दिया, लेकिन मिसाइल का मलबा एयर बेस में गिरा। मलबा गिरने और आंशिक प्रभाव से अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के दो बेहद अहम एमक्यू-9 रीपर स्ट्राइक ड्रोन को भारी नुकसान पहुंचा है। इनमें से एक ड्रोन पूरी तरह नष्ट हो गया है।

## भारत सेना को बना रहा आधुनिक, अमेरिका भी साथ मिलकर कर रहा काम : हेगसेथ

वाशिंगटन,(ए.)। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि भारत तेजी से अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के साथ सेना को आधुनिक बना रहा है। अमेरिका भी भारत के साथ मिलकर रक्षा उत्पादन और नई तकनीकों पर काम कर रहा है।



सिंगापुर में एक कार्यक्रम में हेगसेथ ने कहा कि भारत हाई-एंड सैन्य ऑपरेशन संभालने के लिए मजबूत औद्योगिक और लॉजिस्टिक क्षमता तैयार कर रहा है। भारत खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हेगसेथ ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र दुनिया का सबसे अहम इलाका बन चुका है और यहां सुरक्षा बनाए रखने में अमेरिकी सेना की बड़ी भूमिका है। उन्होंने देशों से अपनी रक्षा तैयारियों में ज्यादा निवेश करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से बेहतर हुए हैं, लेकिन कोई भी देश क्षेत्र में दबदबा नहीं बना सकता।



## पाकिस्तान से अफगानिस्तान लौट रहे शरणार्थियों का ट्रक पलटा, 18 लोगों की मौत

काबुल (ए.)। पूर्वी अफगानिस्तान में शनिवार एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। पाकिस्तान से आ रहे अफगान शरणार्थियों को लेकर जा रहा एक ट्रक राजमार्ग पर पलट गया। इस हादसे में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 35 अन्य घायल हो गए। इसमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी।

**कहां हुआ यह हादसा?**

प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल मलिक नियाजई ने बताया कि यह दुर्घटना अफगानिस्तान की राजधानी काबुल को नंगरहार प्रांत से जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग पर लगमान प्रांत में हुई। उन्होंने बताया कि मृतकों में 10 बच्चे और पांच महिलाएं शामिल हैं और घायलों को चिकित्सा उपचार के लिए नांगरहार के अस्पतालों में ले जाया गया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने इस घटना पर दुख जताया है। वहीं, पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

**अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम**

अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम बात हैं, जहां सड़कों का रखरखाव खराब है। वहीं, चालक नियमित रूप से यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं। ये यात्री उन हजारों अफगानियों में शामिल थे, जो हाल ही में पाकिस्तान से लौटे हैं। पाकिस्तान ने 2023 में अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई शुरू की थी और तब से कई लोगों को निर्वासित कर दिया है या उन्हें देश छोड़ने के लिए दबाव डाला है।

## चीन के परमाणु हथियार अब S की पहुंच से दूर, सैटेलाइट से खुलासा; रेगिस्तान में तैयार किया तबाही का सामान

बीजिंग (ए.)। चीन अपने परमाणु मिसाइल साइलो के पास एक विशाल सैन्य परिसर का निर्माण कर रहा है, जिसने सुरक्षा विशेषज्ञों को चौंका दिया है। उपग्रहों से प्राप्त हालिया तस्वीरों से पता चलता है कि बीजिंग अपने परमाणु मिसाइल साइलो के पास एक विस्तृत नेटवर्क तैयार कर रहा है, जिसमें लॉन्च पैड, बंकर और संचार केंद्र शामिल हैं।



रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस निर्माण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अमेरिका द्वारा चीन के परमाणु जखीरे पर किसी भी पहले हमले को बेअसर किया जा सके। इसके साथ ही चीन की जवाबी कार्रवाई की क्षमता भी सुरक्षित रहे। आइए सवाल-जवाब के रूप में जानते हैं कि चीन की इस तैयारी का क्या है मकसद?

सवाल- सैटेलाइट तस्वीरों में क्या दिखाई दिया है?

जवाब- रॉयटर्स की रिपोर्ट में सैटेलाइट तस्वीरों का हवाला देकर बताया गया है कि चीन दूरदराज के रेगिस्तानी इलाकों में एक विशाल सैन्य ढांचा तैयार कर रहा है। तस्वीरों में परमाणु मिसाइल साइलो के आसपास लॉन्च पैड, बंकर, संचार केंद्र और अन्य सैन्य सुविधाएं दिखाई देती हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यह नेटवर्क चीन की परमाणु क्षमताओं को सुरक्षित रखने और संचालित करने के लिए बनाया जा रहा है।

सवाल- किस इलाके में निर्माण कर रहा चीन?

जवाब- यह नया सैन्य ढांचा मुख्य रूप से शिनजियांग और गांसू प्रांत के इलाकों के पास विकसित किया जा रहा है। इन इलाकों में चीन की लंबी दूरी की परमाणु मिसाइलों के साइलो मौजूद हैं।

## नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान, देश को भूखा रख अपनी झूठी शान के लिए खर्च कर रहा भारी रकम

नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र (ए.)। मानवाधिकार उल्लंघन, बलूचिस्तान संकट और अल्पसंख्यकों पर हमलों के आरोपों से घिरा पाकिस्तान अब विदेशी लॉबिस्ट्स के जरिए दुनिया में अपनी छवि सुधारने की कोशिश कर रहा है। आर्थिक संकट से जूझने के बावजूद पाकिस्तान अमेरिका की लॉबिंग कंपनियों पर भारी पैसा खर्च कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट और बढ़ते आतंरिक विरोध ने इस्लामाबाद और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर दबाव बढ़ा दिया है। आइए, विस्तार से समझते हैं...

आर्थिक संकट, महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा पाकिस्तान अब अपनी खराब होती अंतरराष्ट्रीय छवि को बचाने के लिए विदेशी लॉबिस्ट्स और दबाव समूहों पर भारी पैसा खर्च कर रहा है। दुनिया भर में मानवाधिकार उल्लंघन, अल्पसंख्यकों पर हमले और बलूचिस्तान व खैबर पख्तूनख्वा में बिगड़ते हालात को लेकर पाकिस्तान लगातार सवालों के घेरे में है। इसके बावजूद इस्लामाबाद अपनी जनता की परेशानियों को नजरअंदाज कर विदेशों में अपनी छवि चमकाने में जुटा हुआ है। पाकिस्तान की यह रणनीति अब उसकी दोहरी नीति को भी उजागर कर रही है।

पाकिस्तान लंबे समय से खुद को दुनिया के सामने एक मजबूत देश के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिका के साथ रिश्तों को लेकर भी पाकिस्तान लगातार प्रचार करता रहा है। लेकिन जमीन पर हालात अलग कहानी बताते हैं। पाकिस्तान के भीतर मानवाधिकार उल्लंघन, धार्मिक असहिष्णुता और सेना के खिलाफ बढ़ते गुस्से ने सरकार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सोशल मीडिया के दौर में अब बलूचिस्तान



और खैबर पख्तूनख्वा से आने वाली खबरें दुनिया तक तेजी से पहुंच रही हैं। यही वजह है कि पाकिस्तान अब विदेशी लॉबिंग कंपनियों के जरिए दुनिया का नजरिया बदलने की कोशिश कर रहा है।

**पाकिस्तान को लॉबिस्ट्स की जरूरत क्यों पड़ी?**

अधिकारियों का कहना है कि पाकिस्तान पहले मानता था कि वह बिना लॉबिस्ट्स के भी अपनी छवि संभाल सकता है। लेकिन अब हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि उसे दबाव समूहों और विदेशी कंपनियों का सहारा लेना पड़ रहा है। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में लोगों ने सेना और सरकार के खिलाफ खुलकर आवाज उठानी शुरू कर दी है। विकास की कमी, लापता लोगों के मामले और मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। हर बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान से इन मुद्दों पर सवाल पूछे जा रहे हैं। इससे इस्लामाबाद की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

## चीन में बने स्मार्ट वाहन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा!

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिका के दो डेमोक्रेटिक सांसदों ने चीन से जुड़ी गाड़ियों को कनाडा और मैक्सिको के रास्ते अमेरिका आने से रोकने के लिए बिल पेश किया। उनकी ओर से चेतावनी दी गई कि ये गाड़ियां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं और अमेरिकी ऑटो उद्योग के लिए भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इस बिल से चीन और अन्य विरोधी देशों से आने वाले कनेक्टेड वाहनों को अमेरिका में आने से रोक दिया जाएगा, जिसमें चीन में बने या चीनी कंपनियों की ओर से बनाए गए वाहन भी शामिल हैं। हेली स्टीवंस ने कहा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को अमेरिकी ड्राइवरों, सड़कों या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के बारे में संवेदनशील जानकारी तक कभी भी पहुंच नहीं मिलनी चाहिए। यह बिल उन खतरनाक कमियों को दूर करता है, जिनके कारण अभी चीन कनेक्टेड वाहन कनाडा और मैक्सिको के रास्ते अमेरिका में आ पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह बिल अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने और मिशिगन के उन ऑटो-कर्मियों के साथ खड़े होने के बारे में है, जो दुनिया के सबसे बेहतरीन वाहन बनाते हैं।

# फीचर

## 'अल्फा' में जासूस नहीं बनेंगी आलिया भट्ट, किरदार देखकर चौंक जाएंगे फैंस; जानिए मेकर्स ने अटकलों पर क्या कहा?



आलिया भट्ट की फिल्म 'अल्फा' के स्पाई एक्शन ड्रामा फिल्म बताई जा रही है। कहानी की जॉनर से फैंस ने अंदाजा लगाया कि फिल्म में आलिया जासूस बन सकती हैं। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। वह फिल्म में जासूस का किरदार नहीं निभा रही हैं। इसके बजाय आलिया भट्ट ऐसा किरदार निभा रही हैं, जो अपने करियर में उन्होंने अब तक नहीं निभाया है।

**फिल्म में आलिया निभाएंगी अलग तरह का किरदार**

आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म 'अल्फा' को लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले यह फिल्म बन रही है। इस प्रोडक्शन के साथ काम कर रहे एक करीबी सूत्र ने आईएएनएस को बताया कि आलिया भट्ट 'अल्फा' फिल्म में एक किलर का किरदार निभा रही हैं।'

सूत्र के मुताबिक आलिया फिल्म 'अल्फा' में एक किलर का रोल करेंगी। वह कोई जासूस नहीं हैं। वह एक अल्फा किलर हैं। उनके किरदार को फिल्म में हत्या करने के लिए पाला जाता है।

यशराज फिल्म्स से जुड़े सूत्र ने आगे कहा, 'फिल्म में आलिया का किरदार जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आएगा। फिल्म में भी खूब एक्शन होगा।

**मेकर्स ने अटकलों को लेकर क्या कहा?**

जब यशराज फिल्म्स से इस खबर के बारे में पूछा गया। तो उनके प्रावक्ता ने कहा, 'हम बस इतना ही कह सकते हैं कि सभी को 'अल्फा' के पहले टीजर या झलक का इंतजार करना चाहिए। इस स्टेज पर हम इन चर्चाओं की ना तो पुष्टि कर सकते हैं और न ही इनसे इनकार कर सकते हैं।'

## एफडब्ल्यूआईसीई ने किया रणवीर सिंह पर बैन लगाने का फैसला

मुंबई (ए.)। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉईज यानी एफडब्ल्यूआईसीई ने बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह के खिलाफ बैन लगाने का फैसला किया है। यह मामला फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 से जुड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि रणवीर सिंह ने फिल्म के लिए हामी भरने के बाद अचानक प्रोजेक्ट छोड़ दिया, जिससे निर्माताओं को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर सिंह की सहमति मिलने के बाद फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू कर दिया गया था। सेट डिजाइन, लोकेशन, तकनीकी तैयारियों और अन्य व्यवस्थाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके थे। लेकिन अभिनेता के बीच में फिल्म छोड़ने के फैसले के कारण मेकर्स को करीब 45 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसके बाद फरहान अख्तर ने मामले की शिकायत एफडब्ल्यूआईसीई से की।

फेडरेशन के अध्यक्ष वीएन तिवारी ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद रणवीर सिंह से तीन बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद संगठन ने उनके खिलाफ कार्रवाई का फैसला लिया। एफडब्ल्यूआईसीई के बैन का मतलब यह नहीं है कि रणवीर सिंह कानूनी रूप से फिल्मों में काम नहीं कर पाएंगे, लेकिन इससे उनकी आने वाली फिल्मों की शूटिंग प्रभावित हो सकती है। दरअसल, इस संगठन से जुड़े तकनीशियन, स्पॉट बॉय, मेकअप आर्टिस्ट और अन्य क्रू सदस्य अभिनेता की फिल्मों में काम करने से इनकार कर सकते हैं। बॉलीवुड फिल्म निर्माण काफी



हद तक इन्हीं कर्मचारियों पर निर्भर करता है, इसलिए इसका असर प्रोडक्शन पर पड़ना तय माना जा रहा है। इस विवाद पर रणवीर सिंह की टीम ने बयान जारी करते हुए कहा कि अभिनेता फिल्म इंडस्ट्री और डॉन फ्रेंचाइजी से जुड़े सभी लोगों का सम्मान करते हैं। उन्होंने इस मामले पर चुप्पी बनाए रखने को बेहतर समझा ताकि रिश्तों और पेशेवर मामलों को गरिमा और समझदारी के साथ संभाला जा सके।

## 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के फैन हुए अमिताभ बच्चन, सोशल मीडिया पर लिखा- 'इस उम्र में तो हम ठीक से...'





युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। भले ही शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स का सफर आईपीएल के इस सीजन में खत्म हो गया हो पर वैभव ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से जो असर डाला है, वो क्रिकेट प्रेमियों के मन में काफी वक्त तक रहेगा।

वैभव के फैंस की लिस्ट में अब बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन भी शामिल हो गए हैं। बिग बी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ट्वीट करके वैभव की जमकर तारीफ की।

**अमिताभ बोले- 'इस उम्र में हम ठीक से..'**

शुक्रवार देर रात अमिताभ ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'सूर्यवंशी- 15 साल का अद्भुत सूर्या। इस उम्र में तो हम बंटे और गुल्ली-डंडा भी ठीक से नहीं खेल पा रहे थे !!' बहुत ही कम उम्र में अमिताभ बच्चन जैसे स्टार से तारीफ हासिल करना वैभव के लिए अपने आप में एक बड़ी बात है।

**सूर्यवंशी ने कई रिकॉर्ड तोड़े**

इस साल आईपीएल में वैभव ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। उन्होंने दिग्गज क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्कों का आईपीएल रिकॉर्ड भी तोड़ा। पूरे सीजन में कई मैच ऐसे रहे जब वैभव के बल्ले ने ही राजस्थान रॉयल्स को मैच जिता दिया। वैभव ने जसप्रीत बुमराह और मिशेल स्टार्क जैसे वर्ल्ड क्लास गेंदबाजों तक की जमकर कुटाई की।

**फाइनल तक नहीं पहुंच पाया राजस्थान**

वैभव सूर्यवंशी ने भले ही इस सीजन में 16 मैचों में 776 रन बनाए पर राजस्थान रॉयल्स फाइनल की रेस से बाहर हो गया। शुक्रवार को गुजरात टाइटंस से मैच हारने के बाद वैभव मैदान पर ही रोने लगे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ।

## वाह शकीरा, 49 साल की उम्र में भी तुम कमाल हो : अमीषा पटेल




मुंबई (ए.)। कोलंबियाई गायिका शकीरा ने फीफा वर्ल्ड कप में एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शकीरा के लाइव स्टेज परफॉर्मेंस को देखकर बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल खुद को उनकी तारीफ करने से रोक नहीं पाईं। अभिनेत्री अमीषा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर शकीरा का स्टेडियम में डांस करते हुए एक वीडियो क्लिप साझा किया। इस वीडियो में शकीरा एक स्पोर्टी आउटफिट में बेहद सहजता और जोश के साथ डांस करती हुई दिख रही थीं, जिससे उनकी युवावस्था और असाधारण ऊर्जा साफ झलक रही थी। वीडियो को साझा करते हुए अमीषा पटेल ने शकीरा के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए लिखा, वाह शकीरा, 49 साल की उम्र में भी तुम कमाल हो। तुम्हारा डांस, ड्रेसिंग और तुम्हारा लुक- तुम 25 साल की उम्र से भी ज्यादा शानदार दिखती हो। यह टिप्पणी न केवल शकीरा की शारीरिक फिटनेस और स्टाइल की सराहना करती है, बल्कि उनकी कालातीत प्रतिभा और जोश को भी रेखांकित करती है, जो उम्र के किसी भी पड़ाव पर कम नहीं हुआ है।

शकीरा, जो एक प्रसिद्ध कोलंबियाई गायिका, गीतकार और डांसर हैं, को लैटिन संगीत की रानी के रूप में विश्वभर में पहचान मिली है। उनकी ख्याति उनकी असाधारण गायन प्रतिभा और विशिष्ट बेली डांस के कारण दुनियाभर में फैली हुई है। उनके कई गीत, जिनमें वाका वाका - जो फीफा वर्ल्ड कप के एंथम के रूप में भी प्रसिद्ध हुआ - और हिप्स डोंट लाइ शामिल हैं, ने उन्हें वैश्विक स्तर पर अपार लोकप्रियता दिलाई है। शकीरा ने 1990 के दशक में लैटिन संगीत उद्योग में कदम रखा था। अपनी असाधारण प्रतिभा के बल पर, वह चार अलग-अलग दशकों में नंबर-वन एल्बम देने वाली दुनिया की पहली महिला कलाकार बनीं, जो उनकी अद्भुत कलात्मक यात्रा और स्थायी लोकप्रियता का प्रमाण है।

उन्होंने मात्र 14 साल की उम्र में सोनी म्यूजिक कोलंबिया के साथ अपना रिकॉर्डिंग करियर शुरू किया, और उनका पहला बड़ा सफल एल्बम पाइज डेस्काल्जोस था। वहीं, अभिनेत्री अमीषा पटेल ने भारतीय फिल्मों में 2000 में ब्लॉकबस्टर फिल्म कहो नाऽ प्यार है से अपनी शुरुआत की थी, जिसने उन्हें रातों-रात स्टारडम दिलाया। उनकी सफल फिल्मों में कहो नाऽ प्यार है (2000), 2001 की ब्लॉकबस्टर गदर- एक प्रेम कथा, 2002 की सस्पेंस थ्रिलर हमराज और 2007 की हॉरर-कॉमेडी भूल भुलैया शामिल हैं। हाल के वर्षों में, उन्होंने 2023 में आई गदर 2 में अपनी प्रतिष्ठित भूमिका को दोहराया, जिसने बॉक्स ऑफिस पर एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की और उनके करियर को एक नया आयाम दिया। अमीषा एक प्रतिष्ठित गुजराती परिवार से ताल्लुक रखती हैं।

## एफसी बार्सिलोना में हुई इंग्लैंड के विंगर एंथनी गॉर्डन की एंट्री

मैड्रिड ,(आरएनएस)। एफसी बार्सिलोना ने न्यूकैसल यूनाइटेड से इंग्लैंड के इंटरनेशनल विंगर एंथनी गॉर्डन को साइन करने की पुष्टि की है। वह गैरी लिनेकर और मार्कस रैशफोर्ड के बाद क्लब का प्रतिनिधित्व करने वाले सिर्फ तीसरे इंग्लिश खिलाड़ी बन गए हैं।

25 साल के खिलाड़ी ने बार्सिलोना पहुंचने और अपना चिकित्सा परीक्षण पास करने के बाद लगभग 70 मिलियन यूरो के छह साल के कॉन्ट्रैक्ट के साथ-साथ 10 मिलियन यूरो के इंसेंटिव के लिए सहमति दी है। रिपोर्ट के अनुसार, कानूनी कागजी कार्रवाई में देरी की वजह से यह साइनिंग उम्मीद से सात घंटे बाद हुई।

गॉर्डन ने कहा, मैं तीन साल की उम्र से ही बार्का के लिए खेलने को लेकर उत्साहित था। मैं स्पैनिश बोलना चाहता था क्योंकि बचपन में मुझे लगता था कि मैं बार्सिलोना के लिए फुटबॉल खेलूंगा। न्यूकैसल में मेरे एक फिजियो हैं, और हम हर दिन बात करते थे। मैंने उनसे कहा था कि मैं एक दिन बार्सिलोना के लिए खेलूंगा, इसलिए मैं स्पेनिश सीखना चाहता हूं। मुझे बहुत देर से पता चला (बार्सिलोना की दिलचस्पी के बारे में), लेकिन जैसे ही मुझे पता चला कि बार्सिलोना एक सीरियस विकल्प है, कोई सवाल ही नहीं था। गॉर्डन ने आगे कहा कि बार्सिलोना दुनिया का सबसे बड़ा क्लब है। बार्सिलोना के लिए खेलने का सपना उन्होंने बचपन से देखा था। बार्सिलोना में शामिल होने पर गॉर्डन काफी खुश नजर आए।

### आरआर बनाम जीटी : शुभमन गिल ने रचा इतिहास, यह कारनामा करने वाले बने पहले कप्तान

न्यू चंडीगढ़,(आरएनएस)। आईपीएल 2026 के दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को 7 विकेट से हराया। जीटी की इस जीत के नायक कप्तान शुभमन गिल रहे। गिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान गिल ने वह कारनामा किया, जो आईपीएल के इतिहास में आजतक कोई भी कप्तान नहीं कर सका है।

शुभमन गिल ने 53 गेंदों की अपनी पारी में 104 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी में 15 चौके और 3 छक्के लगाए। गिल आईपीएल के प्लेऑफ मुकाबले में शतक लगाने वाले पहले कप्तान बन गए हैं। आरआर से मिले 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीटी को गिल ने साई सुदर्शन के साथ मिलकर जबरदस्त शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 12.5 ओवर में 167 रन जोड़े।

सुदर्शन ने 32 गेंदों का सामना करते हुए 8 चौके और एक छक्के की मदद से 58 रनों की दमदार पारी खेली। वॉशिंगटन सुंदर ने 16 रनों का योगदान दिया, जबकि राहुल तेवतिया 9 गेंदों में 17 रन बनाकर नाबाद रहे। जीटी ने लक्ष्य को 18.4 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल किया।

इससे पहले, राजस्थान रॉयल्स ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 214 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए। आरआर की ओर से वैभव सूर्यवंशी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों में 96 रनों की शानदार पारी खेली। 15 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी पारी में 8 चौके और 7 छक्के लगाए। वहीं, रवींद्र जडेजा ने 35 गेंदों में नाबाद 45 रन बनाए।

## एफसी बार्सिलोना में हुई इंग्लैंड के विंगर एंथनी गॉर्डन की एंट्री



मैड्रिड(ए.)। एफसी बार्सिलोना ने न्यूकैसल यूनाइटेड से इंग्लैंड के इंटरनेशनल विंगर एंथनी गॉर्डन को साइन करने की पुष्टि की है। वह गैरी लिनेकर और मार्कस रैशफोर्ड के बाद क्लब का प्रतिनिधित्व करने वाले सिर्फ तीसरे इंग्लिश खिलाड़ी बन गए हैं।25 साल के खिलाड़ी ने बार्सिलोना पहुंचने और अपना चिकित्सा परीक्षण पास करने के बाद लगभग 70 मिलियन यूरो के छह साल के कॉन्ट्रैक्ट के साथ-साथ 10 मिलियन यूरो के इंसेंटिव के लिए सहमति दी है। रिपोर्ट के अनुसार, कानूनी कागजी कार्रवाई में देरी की वजह से यह साइनिंग उम्मीद से सात घंटे बाद हुई।गॉर्डन ने कहा, मैं तीन साल की उम्र से ही बार्का के लिए खेलने को लेकर उत्साहित था। मैं स्पैनिश बोलना चाहता था क्योंकि बचपन में मुझे लगता था कि मैं बार्सिलोना के लिए फुटबॉल खेलूंगा। न्यूकैसल में मेरे एक फिजियो हैं, और हम हर दिन बात करते थे। मैंने उनसे कहा था कि मैं एक दिन बार्सिलोना के लिए खेलूंगा, इसलिए मैं स्पेनिश सीखना चाहता हूं। मुझे बहुत देर से पता चला (बार्सिलोना की दिलचस्पी के बारे में), लेकिन जैसे ही मुझे पता चला कि बार्सिलोना एक सीरियस विकल्प है, कोई सवाल ही नहीं था। गॉर्डन ने आगे कहा कि बार्सिलोना दुनिया का सबसे बड़ा क्लब है। बार्सिलोना के लिए खेलने का सपना उन्होंने बचपन से देखा था। बार्सिलोना में शामिल होने पर गॉर्डन काफी खुश नजर आए। वह एक जून को वर्ल्ड कप की फाइनल तैयारियों के लिए इंग्लैंड टीम से जुड़ जाएंगे।

# आईपीएल 2026 : आरसीबी और टाइटंस के बीच आज होगा खिताबी मुकाबला

अहमदाबाद (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई है, जिसके चलते करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें इस महामुकाबले पर टिकी हुई हैं। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार का फाइनल हाल के वर्षों के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक साबित हो सकता है।




आरसीबी लगातार दूसरे वर्ष फाइनल में पहुंची है और उसके पास लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का अच्छा अवसर है। कप्तान रजत पाटीदार के नेतृत्व में टीम ने पूरे सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। आरसीबी ने पहले क्वालिफायर में गुजरात टाइटंस को 92 रन के बड़े अंतर से हराकर सीधे फाइनल का टिकट हासिल किया था। उस मुकाबले में रजत पाटीदार की आक्रामक बल्लेबाजी और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से टीम का मनोबल काफी बढ़ा है। आरसीबी के पास विराट कोहली, फिल सॉल्ट, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा और टिम डेविड जैसे बल्लेबाज हैं किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने की क्षमता रखते हैं। वहीं ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या और रोमारियो शेफर्ड टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड का अनुभव आरसीबी की सबसे बड़ी ताकत माना जा रहा है, जबकि युवा स्पिनर सुयश शर्मा मध्य ओवरों में विकेट निकालने की क्षमता रखते हैं। जिससे टीम खिताब जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। वहीं दूसरी ओर गुजरात टाइटंस भी किसी मायने में कम नहीं है। कप्तान शुभमन गिल शानदार फॉर्म में हैं और दूसरे क्वालिफायर में उनके शतक ने टीम आसानी से फाइनल में पहुंच गीय। उनके साथ साई सुदर्शन ने भी बेहतरीन बल्लेबाी की है। उसे पास जोस बटलर, ग्लेन फिलिप्स जैसे बल्लेबाज मध्यक्रम को मजबूती देते हैं, जबकि राहुल तेवतिया मैच फिनिशर के तौर पर सफल रहे हैं। स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर और राशिद खान टीम को अतिरिक्त मजबूती प्रदान करते हैं।

गुजरात की सबसे बड़ी ताकत उसकी गेंदबाजी मानी जा रही है। मोहम्मद सिराज, कगिसो रबाडा और प्रसिद्ध कृष्णा की तेज गेंदबाजी तिकड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम के लिए परेशान खड़ी कर सकती है। वहीं राशिद खान अपनी फिरकी से मैच का रुख पलटने में सक्षम हैं। अहमदाबाद का मैदान गुजरात का घरेलू मैदान है और यहां टीम का रिकॉर्ड भी शानदार रहा है, जिससे भी उसे हालातों का लाभ मिलेगा।

# एशियन गेम्स ट्रायल के सेमीफाइनल में हारीं विनेश फोगाट, उभरती पहलवान मीनाक्षी गोयत ने दी शिकस्त

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में चल रहे एशियाई खेलों ( Asian Games) के चयन ट्रायल से एक बेहद हैरान करने वाली और बड़ी खेल खबर सामने आ रही है। देश की स्टार और अनुभवी महिला पहलवान विनेश फोगाट को महिलाओं के 53 किलोग्राम भारवर्ग के एक कड़े मुकाबले में करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस बेहद रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में भारत की उभरती हुई युवा पहलवान मीनाक्षी गोयत ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए दिग्गज विनेश फोगाट को 6-4 से शिकस्त देकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस उलटफेर के बाद विनेश फोगाट के एशियाई खेलों में सीधे चयन के सपनों को बड़ा झटका लगा है।आपको बता दें कि इन ट्रायल्स के दौरान विनेश फोगाट की मैट पर वापसी खेल जगत में काफी चर्चा का विषय बनी हुई थी। सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के महत्वपूर्ण फैसलों के बाद कानूनी लड़ाई जीतकर उन्हें आखिरकार 53 किलोग्राम भारवर्ग में भाग लेने की अनुमति मिली थी, जिससे उनकी दावेदारी बेहद मजबूत मानी जा रही थी।

### शुरुआती मुकाबलों में शानदार जीत

शनिवार को हुए इन एशियन गेम्स सिलेक्शन ट्रायल्स में विनेश फोगाट ने अपनी शुरुआत बेहद आक्रामक और धमाकेदार अंदाज में की थी। उन्होंने शुरुआती दो मुकाबले जीतकर अपनी वापसी की उम्मीदों को पूरी तरह जिंदा



रखा था। 53 किग्रा कैटेगरी के अपने पहले राउंड के मुकाबले में विनेश फोगाट ने हरियाणा की ज्योति को 7-1 के बड़े अंतर से आसानी से धूल चटाई थी।इसके बाद हुए दूसरे कड़े मुकाबले में उनका सामना निशु से हुआ। यह मुकाबला बेहद हाई-वोल्टेज और ड्रामे से भरपूर रहा। मैच खत्म होने तक दोनों पहलवानों का स्कोर 6-6 से पूरी तरह बराबर रहा था, लेकिन तकनीकी मानदंडों के आधार पर विनेश फोगाट को विजेता घोषित कर आगे बढ़ा दिया गया।इस मैच के आखिरी क्षणों में निशु ने एक शानदार 'टेक डाउन' का प्रयास किया था, लेकिन रेफरी द्वारा उन्हें अंक नहीं दिए गए। फैसले से असहमत निशु के कोच ने तुरंत इस निर्णय को चुनौती (चैलेंज) दी, लेकिन रिव्यू के बाद भी वे यह चैलेंज हार गए और विनेश फोगाट ने राहत की सांस ली। इस विवादास्पद फैसले से पूरी तरह स्तब्ध और निराश होकर निशु ने खेल भावना के विपरीत रेफरी और विनेश फोगाट से हाथ मिलाने तक से इनकार कर दिया था और काफी देर तक मैट पर ही भावुक होकर खड़ी रही थीं।

### सेमीफाइनल में मीनाक्षी गोयत ने पलटा पासा

दो बेहद थका देने वाले मुकाबले जीतने के बाद विनेश फोगाट जब सेमीफाइनल के मंच पर उतरीं, तो युवा पहलवान मीनाक्षी गोयत ने उनके अनुभव पर अपनी फुर्ती और बेहतरीन तकनीक को हावी कर दिया। मीनाक्षी ने मुकाबले की शुरुआत से ही विनेश पर दबाव बनाए रखा और डिफेंसिव खेल के साथ-साथ सटीक अटैक किए।विनेश फोगाट ने मैच में वापसी की कई कोशिशें कीं, लेकिन मीनाक्षी गोयत ने उन्हें ज्यादा मौके नहीं दिए और अंततः 6-4 के स्कोर से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही मीनाक्षी ने फाइनल का टिकट कटा लिया है, जबकि विनेश फोगाट की इस अप्रत्याशित हार ने कुश्ती के जानकारों और उनके फैंस को हैरान कर दिया है।

# छत्तीसगढ़ समाचार

## पर्यटन के जरिए नई पहचान गढ़ेगा छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

रायपुर,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री  विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अब देश के पर्यटन मानचित्र पर अपनी नई पहचान गढ़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा मिलने, निवेश अनुकूल नीतियों और राज्य सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण प्रदेश में पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की संभावनाएं लगातार मजबूत हो रही हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री  विष्णुदेव साय आज अपने निवास कार्यालय में पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटक सुविधाओं के विकास एवं विस्तार तथा हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश को लेकर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में शामिल हुए। बैठक में देश की प्रतिष्ठित इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधियों सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री  विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ उत्तर से दक्षिण तक नैसर्गिक विरासत की अमूल्य धरा है, जहां नदियां, पहाड़, घने जंगल, जलप्रपात, समृद्ध आदिवासी संस्कृति और जनजातीय परंपराएं छत्तीसगढ़ को विशिष्ट पहचान प्रदान करती हैं।मुख्यमंत्री  साय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य दुनिया को छत्तीसगढ़ की वास्तविक सुंदरता, सांस्कृतिक समृद्धि और प्राकृतिक विविधता से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिए जाने से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की संभावनाएं तेजी से बढ़ी हैं और पर्यटकों के लिए बेहतर ठहराव, परिवहन तथा आधुनिक सुविधाओं के विकास के माध्यम से छत्तीसगढ़ को आकर्षक पर्यटन गंतव्य बनाया जा सकता है।मुख्यमंत्री  विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य में लगातार निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं

## जनदर्शन में मंत्री राजेश अग्रवाल ने सुनी ग्रामीणों की समस्याए

### आवेदनों एवं शिकायतों का गंभीरता से परीक्षण कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें



रायपुर (ए.)। छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने जनदर्शन कार्यक्रम के तहत सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड के ग्राम हरिहरपुर पहुंचकर ग्रामीणों से आत्मीय भेंट-मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं, आवश्यकताओं और विकास संबंधी मांगों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनदर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। लोगों ने सड़क, पेयजल, बिजली, राजस्व, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को मंत्री अग्रवाल के समक्ष रखा। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि शासन की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि जनता से सीधा संवाद और जनभावनाओं से जुड़ाव ही सुशासन का वास्तविक आधार है। क्षेत्रवासियों की अपेक्षाओं, विश्वास और विकास के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का गंभीरता से परीक्षण कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

मंत्री अग्रवाल ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार गांव, गरीब, किसान और अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों के जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है।

## राजधानी रायपुर में नगर के तीन कलाकारों की कला का होगा प्रदर्शन

रायपुर,(आरएनएस)। शहर में स्थित चाणक्य अकादमी   रायपुर एम्स के पीछे द्वारा आयोजित वार्षिक चित्रकला प्रदर्शनी व कला प्रदर्शनी में शहर के तीन कलाकारों की चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी कला शिक्षक विद्या सोनी और भिलाई स्टील प्लांट के कर्मी उमाकांत ठाकुर वह राज्य के प्रसिद्ध क्यूरेटर व शिल्पकार राजेंद्र सुनगारिया के चित्रों की प्रदर्शनी तीन दिवसीय लगाई जाएगी ।

साथ ही छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी में भी 15 दिवस के लिए यह तीनों चित्रकार भाग लेंगे, नया रायपुर आर्ट क्लब की सदस्य विद्या सोनी 3 दशकों से कला क्षेत्र में कार्य कर रही हैं वह प्रकृति के रंग  बनती हैं । वहीं भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत उमाकांत ठाकुर जाना पहचाना चेहरा है, भिलाई नगर  पर भी प्रकृति के लिए काम करते हैं और वही जुझारू कलाकार राजेंद्र सुनगारिया अपने संस्कृति कला के लिए प्रसिद्ध है। इन तीनों कलाकारों की प्रदर्शनी इसके पूर्व भी रायपुर में वार्षिक चित्रकला में प्रदर्शित होती रही है, यह तीन दिवसीय आयोजन 29,30 से 31 मई को होगा वही घड़ी चौक रायपुर में यह 1से लेकर 12 जून तक देखा जा सकता है।

### मंदिर हसौद में युवक की हत्या का खुलासा, निर्दलीय पार्षद सहित 4 हिरासत में

रायपुर,(आरएनएस)। राजधानी रायपुर से लगे मंदिर हसौद क्षेत्र में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। 22 मई से लापता युवक भुवनेश्वर यादव की हत्या कर शव को महानदी किनारे रेत में दफ्नाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने निर्दलीय पार्षद नोहर दास उर्फ गोलू रात्रे सहित चार लोगों को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक भुवनेश्वर यादव नकटी गांव का निवासी था और मोनेट कंपनी में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। युवक के लापता होने पर परिजनों ने मंदिर हसौद थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना वाले दिन मंदिर हसौद शराब भट्ठी के पीछे कुछ लोग बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान पानी को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि इसी विवाद में भुवनेश्वर यादव और निर्दलीय पार्षद गोलू रात्रे के बीच तीखी बहस हुई।पुलिस के अनुसार विवाद बढ़ने पर आरोपी युवक को कार में बैठाकर महासमुंद जिले के महानदी किनारे नांदगांव घाट क्षेत्र ले गए, जहां उसके साथ मारपीट की गई। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई।




*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर परिसर के सुंदर सदन में आयोजित पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव को संबोधित करते हुए यह बात कही। यह आयोजन हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया।*

## नवतपा के दौरान भीषण गर्मी में गहराया जल संकट, खनन क्षेत्रों के गांवों में बढ़ी समस्या

कोरबा  (आरएनएस)। जिले में नौतपा के दौरान पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खासकर खनन प्रभावित क्षेत्र गेवरा, दीपका और कुसमुंडा के आसपास बसे ग्रामीण इलाकों में जल संकट गंभीर रूप लेता जा रहा है। लगातार बढ़ते तापमान और भूजल स्तर में गिरावट के कारण गांवों के हैंडपंप, कुएं और बोरवेल जवाब देने लगे हैं, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए रोज संघर्ष करना पड़ रहा है।



ग्रामीणों का कहना है कि हर साल गर्मी के मौसम में पानी की समस्या उत्पन्न होती है, लेकिन इस बार स्थिति अधिक चिंताजनक है। कई गांवों में सुबह होते ही महिलाएं और बच्चे पानी भरने के लिए बर्तनों के साथ लंबी कतारों में खड़े दिखाई देते हैं। कहीं-कहीं लोगों को एक से दो किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है। पर्याप्त पानी नहीं मिलने से घरेलू कार्यों के साथ-साथ पशुपालन और खेती-किसानी भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार खनन गतिविधियों और लगातार हो रहे भूजल दोहन के कारण क्षेत्र का जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। पहले जिन कुओं और हैंडपंपों में सालभर पानी उपलब्ध रहता था, वे अब गर्मी शुरू होते ही सूखने लगे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित कंपनियों से स्थायी जल व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि गर्मी के दिनों में लोगों को राहत मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट का असर आम जनजीवन पर साफ दिखाई दे रहा है। पानी की कमी के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और गर्मी के बीच जल की तलाश ही सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। कई स्थानों पर टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन वह जरूरत के मुकाबले पर्याप्त नहीं मानी जा रही।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता बताई है।

# जिला अस्पताल में 2 घंटे गुल रही बिजली,कई बार होते हैं ऐसे हालात, बदहाली देख भड़के कांग्रेस जिलाध्यक्ष, दी धरने की चेतावनी

- बिजली कटौती से बेहाल मरीज बरामदे में बैठने को मजबूर, ऑक्सीजन सपोर्ट पर चल रहे बच्चों की जान पर बनी
- सिविल सर्जन से बोले राजीव गुजराती- कैटरीन-पार्किंग की व्यवस्था चकाचक, मरीजों के लिए कूलर तक नहीं

सीहोर (निप्र)। जिला अस्पताल की चरमराती व्यवस्थाओं और अघोषित बिजली कटौती को लेकर एक बार फिर बड़ा हंगामा खड़ा हो गया। शनिवार को जिला अस्पताल में लगातार दो घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे मरीजों और उनके परिजनों का हाल बेहाल हो गया। उमस और गर्मी से परेशान मरीजों ने जब इसकी सूचना जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती को दी तो वे तुरंत कांग्रेस नेताओं की टीम के साथ अस्पताल पहुंच गए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पूरे अस्पताल परिसर का भ्रमण कर मरीजों और उनके परिजन से मुलाकात की। इस दौरान कई मरीज वार्डों की गर्मी से बचने के लिए अस्पताल के बरामदे में बैठे नजर आए। मरीजों और अस्पताल स्टाफ ने कांग्रेस अध्यक्ष को बताया कि पिछले कुछ दिनों से हर दिन यही हाल हैं। दिन में तीन-तीन बार लाइट जा रही है। शनिवार को दो घंटे तक लाइट गायब रही। जब अस्पताल स्टाफ से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि लाइट जाने पर जनरेटर चलाया गया था, लेकिन वह भी बार-बार गर्म होकर बंद हो रहा है।




### ऑक्सीजन सपोर्ट पर मासूम, जिम्मेदार नदारद

राजीव गुजराती ने अस्पताल की गंभीर लापरवाही को उजागर करते हुए कहा कि एसएनसीयू वार्ड में कई नवजात बच्चे भर्ती हैं, जो ऑक्सीजन सपोर्ट और कंसंट्रेटर के भरोसे हैं। ऐसे संवेदनशील वार्ड में बिजली गुल होना बच्चों की जान से खिलवाड़ है। सबसे बड़ी बात यह रही कि इतनी बड़ी अव्यवस्था के दौरान अस्पताल का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं मिला।

### कैंटीन और पार्किंग पर उठाए सवाल

अस्पताल में अव्यवस्था देखकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सिविल सर्जन डॉ. उमेश श्रीवास्तव से सवाल किए। जब सिविल सर्जन ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाएं ठीक हैं, तो गुजराती ने तंज कसते हुए कहा अस्पताल में सिर्फ दो ही व्यवस्थाएं सबसे अच्छी हैं। पहली यहां की आलीशान कैंटीन, जैसी कैंटीन तो राजधानी भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भी नहीं है। क्या इस कैंटीन का किराया समय पर लिया जा रहा है और दूसरी अच्छी व्यवस्था है पार्किंग शुल्क वसूली। यहां कोई परिजन अपने सीरियस मरीज को लेकर आता है तो इलाज से पहले उससे पार्किंग का पैसा वसूला जाता है।

### सुधार नहीं हुआ तो गेट पर दूंगा धरना

राजीव गुजराती ने सिविल सर्जन को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन, विद्युत मंडल और जिला प्रशासन यह अच्छी तरह समझ लें कि अस्पताल में लोग जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ने आते हैं। सीहोर में मरीजों की जान के साथ ऐसा खिलवाड़ नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने कहा सिविल सर्जन जी, अस्पताल की व्यवस्थाओं में तुरंत सुधार लाइए, वरना मैं खुद अस्पताल के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ जाऊंगा और मांगें पूरी होने तक उठूंगा भी नहीं। आज यह सिर्फ चेतावनी है, अगर जल्द ही बिजली और सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। इस अवसर पर विवेक राठौर,घनश्याम यादव, रमेश गुप्ता, के.के. रिछारिया, भगत सिंह तोमर, गजराज परमार, हरिओम सिसोदिया, यश यादव, मोनू शर्मा, मनीष मेवाड़ा, लक्की सक्सेना, विनीत त्यागी, तनिष्क त्यागी,अनुभव सेन, जितेंद्र परमार अधिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के कर कमलो से डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण आज

### दलित नेता खंगराले ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की



सीहोर (निप्र)। स्थानीय अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रं. 11 के संत रविदास मंदिर पर सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन के अध्यक्ष मनोज फरेला के मुख्य आतिथ्य तथा नरेन्द्र खंगराले की अध्यक्षता एवं सन्नी जाटव के विशेष अतिथ्य में जाटव समाज के बीच बैठक का आयोजन रखा गया। जिसमें नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के करकलो से आज दिनांक 31 मई 2026, दिन रविवार को शाम 6 बजे स्थानीय डॉ.अम्बेडकर उपवन टाउन हॉल कलेक्ट्रेट व अदालत रोड पर डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण होने जा रहा है। जिसमें आमंत्रण कार्ड वितरण कर वार्ड क्रं. 11 सहित सीहोर जिले व मध्य प्रदेश के डॉ.अम्बेडकर अनुआई व नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। अपील करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, वरिष्ठ समाजसेवी धर्मप्रकाश आर्य, पन्नालाल खंगराले, रमेश जाटव बैंक, धन्नालाल परचौले, नारायण परिहार, जयराम जाटव, नरेन्द्र बनवईया, कमलकिशोर जाटव, रामचरण दसलानिया, शुभम कचनैरिया, हेमन्त भारती, चरण खंगराले, अभय अहिरवार, कपिल पुरविया, दयाराम गवाटिया, शैलेन्द्र धनवारे, अनिल आर्य, धर्मेन्द्र दिवान, वीरू जावट, चंचल महोबिया, बैगु मंगरोलिया, राहुल जाटव, शशांक दिवान, जितेन्द्र महोबिया, उमेश मंगरोलिया, रूपेश परसैया, टीटू कचनेरिया, सौरभ दिवान, भोला कचनेरिया, जितेन्द्र महोबिया आदि शामिल हैं।

# आज मनाया जाएगा विश्व धूम्रपान निरोधक दिवस



सीहोर (निप्र)। विश्व धूम्रपान निरोधक दिवस हर साल 31 मई को मनाया जाता है, इस दिन का मुख्य उद्देश्य तंबाकू और धूम्रपान से होने वाले घातक स्वास्थ्य प्रभावों, बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को तंबाकू की लत छोड़ने के लिए प्रेरित करना है। इसको लेकर कलेक्टर बाला गुरु के के निर्देश पर सामाजिक न्याय विभाग और संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के तत्वाधान में रविवार को सुबह नौ बजे शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित केन्द्र में यहां पर हितग्राहियों के द्वारा मानव श्रृंखला और हस्ताक्षर अभियान आरंभ किया जाएगा। इसको लेकर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में केन्द्र में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर योगा, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। वहीं आगामी दिनों में संगोष्ठी, नुक्कड नाटक आदि का आयोजन भी किया जाएगा। इसको लेकर संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि हर साल विश्व तंबाकू दिवस पर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है, लेकिन इसके बावजूद युवाओं में सिगरेट पीना और तंबाकू के अन्य रूपों का सेवन चिंताजनक रूप से बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया, फिल्में, और साथियों के प्रभाव में आकर किशोर और युवा वर्ग तेजी से इस लत की ओर बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 13 से 15 वर्ष की आयु के करोड़ों की संख्या में किशोर किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि जागरूकता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। विश्व तंबाकू दिवस केवल जागरूकता का दिन नहीं है, बल्कि एक अवसर है अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य के लिए निर्णायक कदम उठाने का।

## भीषण गर्मी के कारण शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश में वृद्धि

सीहोर (निप्र)। प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव की स्थिति को देखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश ने शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। वर्तमान में कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है, जिससे शिक्षकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार शिक्षकों के लिए घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश, जो पूर्व में निर्धारित था, अब 01 मई 2026 से 07 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। अवकाश अवधि में शिक्षक जनगणना एवं बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित कार्यों का संपादन कर रहे हैं। आयुक्त लोक शिक्षण अभिषेक सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अत्यधिक गर्मी की परिस्थितियों को देखते हुए यह निर्णय शिक्षकों के स्वास्थ्य हित में लिया गया है। आदेश के अनुसार दशहरा, दीपावली एवं शीतकालीन अवकाश पूर्ववत रहेंगे।इस संबंध में सभी संभागीय संयुक्त संचालकों, जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जिला परियोजना समन्वयकों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# मनोरंजन के लिए कथा मत सुनिए कथा संस्कार को जीवन में उतारिए : पं रवि शंकर तिवारी

### हिंगलाज माता मंदिर कस्बा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

सीहोर (निप्र)। हिंगलाज माता मंदिर कस्बा परिसर में आयोजित रात्रि कालीन श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार की रात भागवत भूषण पंडित रविशंकर तिवारी ने कहा कि भगवान की कथा मनोरंजन के लिए नहीं जीवन में उता रने के लिए होती है। महाभारत समाप्ति करने के बाद श्रीमद् भागवत कथा शुरू होती है। वेदव्यास जी महाराज ने भागवत जी की रचना की है। कलयुग 4 लाख 32 हजार वर्ष का होगा। कलयुग के अंत में लोग चने के झाड़ के नीचे बैठकर पंचायत कर लेंगे। घोर कलयुग में पाप अपने चरम पर होगा। अन्याय अत्याचार प्राकृतिक आपदाएं बढ़ जाएंगी। प्रभु स्मरण और मानवीयता जब पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगी तब कलयुग के अंत में भगवान कल्कि का अवतार होगा। पंडित श्री तिवारी ने कहा कि राजा परीक्षित को अपमान करने पर ब्राह्मण देवता ने 7 दिन में सर्पदांत से मृत्यु का श्राप दिया था। राजा परीक्षित को तक्षक नाग से बचाने के लिए सुखदेव जी ने उन्हें भागवत कथा सुनाई थी। अंत में राजा परीक्षित की भगवान की कृपा से मृत्यु नहीं हुई वह मोक्ष को प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति धर्म के लिए तत्पर रहता है भगवान भी उसकी मदद के लिए तत्पर रहते हैं। जिसके मन में छल कपट होता है उसे भगवान भी स्वीकार नहीं करते हैं। भक्त को केवल मनोरंजन के लिए कथा नहीं सुननी चाहिए।हरि कथा प्रसंग



को गंभीरता पूर्वक श्रवण कर कथा संस्कार को जीवन में उतारना चाहिए।पंडित तिवारी ने कथा प्रसंग के दौरान कहा कि वेदव्यास जी महाराज ने सुखदेव बाबा को कथा सुनाई थी। भागवत कथा मोक्ष का रास्ता दिखाती है रामचरितमानस मनुष्य को पृथ्वी पर सुखपूर्वक मैत्री भाव के साथ जीना सिखाती है। रामचरितमानस जीवन को बदल देती है भाई भाई में प्रेम जगा देती है जिस प्रकार भगवान श्री राम जब वनवास चले जाते हैं तो उनके छोटे भाई भरत अपने सिर पर उनकी खड़ाऊ रखकर बड़े भाई के दायित्व को निभाते हैं और राज्य करते हैं लेकिन जैसे ही भगवान श्री राम अयोध्या पहुंचते हैं तब भरत जी उन्हें सहर्ष राज्य सत्ता सौंप देते हैं चारों भाई मिलजुल कर रहते थे।

# बच्चियों की सुरक्षा एवं पोक्सो अधिनियम पर हुआ विशेष कार्यक्रम

### बच्चियों की सुरक्षा के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का लिया गया संकल्प



सीहोर (निप्र)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराधों को रोकने तथा समाज में सुरक्षा और संवेदनशीलता का माहौल बनाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला पुलिस एवं एनजीओ युवा विकास मंडल के के साथ जिला पंचायत सभाकक्ष में जागृति योजना के अंतर्गत पोक्सो अधिनियम के संवेदीकरण हेतु स्टेकहोल्डर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियो और सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर बच्चियों की सुरक्षा के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं न्यायाधीश श्रीमती स्वप्नश्री सिंह और महिला सुरक्षा शाखा की उप पुलिस अधीक्षक पूजा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने पोक्सो अधिनियम और कानूनी अधिकारों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हर बच्चा सुरक्षित वातावरण पाने का अधिकार रखता है। उन्होंने तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक निशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह पाने हेतु विधिक सेवा संस्थाओं की संरचना एवं प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों के सवालों के जवाब भी दिए गए।

# संपूर्ण प्राणियों में जो ईश्वर के दर्शन करें उसे सनातन कहते हैं : पं.मोहितरामजी पाठक

सीहोर (निप्र)। मानव ही नहीं प्राणी मात्रा में जो परमात्मा के ईश्वर के भगवान के दर्शन करें उसे धर्म का नाम है सनातन धर्म, विश्व में संसार में सनातन धर्म यह कैसा धर्म है जो प्राणी ही नहीं पत्थर में भी परमात्मा के दर्शन करता है नदियों को देवी स्वरूप मानता है पक्ष में ईश्वर के दर्शन होते हैं इसलिए दुनिया में विश्व का कल्याण की कामना करने वाला एकमात्र सनातन धर्म है, उक्त उद्गार ग्राम फूल मोगरा सीहोर में पुरुषोत्तम मास की पावन अवसर पर चल रही सत्य दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के दौरान कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक सीहोर वालों ने व्यक्त किए आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन लीला करी थी तो संपूर्ण ग्वाल-वाल उच्च नीच को मतकर सबको अपनी शरण में गिरिराज जी के नीचे संगठित कर लिया था कोई छोटा बड़ा नहीं कोई जाति नहीं कोई भेद नहीं सब ने मिलकर गिर्राज को धारण कर और भगवान श्री कृष्ण ने सभी को अपने आप पर स्वीकार किया था इस गोवर्धन लीला से हमें पढ़ना लेते हुए संपूर्ण सनातन धर्म में रहने वाले एक-एक हिंदू एक-एक सनातनी जाति पार्टी का विरोधाभास छोड़कर सबको राम



कृष्णा गौ माता भारत माता की सेवा करना चाहिए यही सत्य सनातन धर्म है और सनातन धर्म मानवता को मानने वाला सबसे बड़ा धर्म है जो विश्व की कल्याण की कामना करता है भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ लीला करके नारी जाति को धर्म का पाठ पढ़ाया किस मर्यादा के साथ नारी को अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए साथ में जो दुष्ट है पापी उन जैसे कंसो का वध करने में भी कोई दोष नहीं है भगवान श्री कृष्ण ने कंस का वध करने के बाद अवंतीका पूरी उज्जैनी में ऋषि सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण करी, 17 बार जरा संत को हराया फिर जाकर द्वारका का निर्माण कर और द्वारका में ही भगवान श्री कृष्ण ने अपने आगे की लीला का विस्तार किया ।

## प्रश्नमंच प्रतियोगिता में बालिकाओं ने मारी बाज़ी

सीहोर (निप्र)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था माय भारत सीहोर द्वारा उपनिदेशक निक्की राठौर के निर्देशन में हिताय सीहोर के सहयोग से स्वतंत्रता वीर विनायक सावरकर जी की जन्म जयंती के अवसर पर शहर के इवोल्यूशन करियर इंस्टिट्यूट में युवाओं के बीच एक प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। माय भारत एवं हिताय का विस्तृत परिचय उमेश पंसारी द्वारा दिया गया, साथ ही प्रतियोगिता सम्बन्धी नियमों पर भी प्रकाश डाला गया। प्रतियोगिता में बहु-विकल्पीय प्रश्नों के उत्तर युवाओं ने तत्परता से दिए, जिसमें बालिका वर्ग ने बाजी मारी।

### आज देखना मन की बात कार्यक्रम किसानों से विधायक ने की अपील

## प्रधानमंत्री कृषि में नवाचार आधुनिक तकनीकों को लेकर देंगे विशेष संदेश

सीहोर (निप्र)। रविवार सुबह टेलीविजन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम प्रसारित होगा। विधायक सुदेश राय ने किसानों से मन की बात कार्यक्रम देखने के लिए अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री किसानों और कृषि क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार किसानों से साझा करेंगे। प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम किसानों के लिए काफी लाभ दायक सिद्ध होगा। विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने प्रदेश के किसानों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में बना रही है। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कृषि में नवाचार और आधुनिक तकनीकों को लेकर विशेष संदेश देंगे। किसानों को आत्मनिर्भर और लाभकारी खेती के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम से किसानों को कृषि विकास से जुड़े उपयोगी सुझाव और जानकारी प्राप्त होगी।

# सेठानी घाट पर दो दिवसीय भव्य आम महोत्सव का शुभारंभ

नर्मदापुरम (निप्र)। उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग एवं जिला प्रशासन नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक सेठानी घाट परिसर में दो दिवसीय भव्य आम महोत्सव (मैंगो फेस्टिवल) का शुभारंभ किया गया। महोत्सव का उद्देश्य नर्मदापुरम एवं आसपास के क्षेत्रों के प्रसिद्ध रसीले आमों को बढ़ावा देना तथा आम उत्पादक किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ना है। महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव एवं जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि यह महोत्सव स्थानीय किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर




बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के आमों का स्वाद अद्भुत है तथा इन्हें बड़े बाजारों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि जिला प्रशासन एवं उद्यानिकी विभाग के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव में 40 से अधिक किस्मों के लगभग 150 स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें लंगड़ा, दशहरी, आम्रपाली, मल्लिका, चौसा, बॉम्बे ग्रीन, तोतापरी, अल्फांसो, केसर, हिमसागर, बादामी, सफेदा, मालगोवा सहित देशी आमों की विभिन्न प्रजातियां प्रदर्शित की गई हैं। इसके साथ ही आम से निर्मित प्रसंस्कृत उत्पाद, आम के पौधे एवं फलों के विक्रय हेतु भी विशेष स्टॉल लगाए गए हैं। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य आम उत्पादकों को प्रोत्साहित करना, विभिन्न किस्मों के आमों का प्रदर्शन करना तथा किसानों और उपभोक्ताओं के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि आम प्रदर्शनी 31 मई 2026 तक आमजन के लिए खुली रहेगी।

# चर्च मैदान पर ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता, निशुल्क प्रशिक्षण शिविर

### सीहोर क्लब ने आरएसआई को 3-1 से हराया

सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में शनिवार की शाम को एक मैच खेला गया, इस मुकाबले में सीहोर क्लब ने आरएसआई को 3-1 से हराया। इसके



अलावा निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण शिविर के दौरान सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज अहिरवार, आनंद उपाध्याय आदि ने खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार की शाम को खेले गए मुकाबले में सीहोर क्लब की टीम ने आरएसआई को 3-1 से हराया। इस मैच में सीहोर क्लब की ओर से युवराज, आदित्य, पुष्प ने 1-1 गोल किया। वहीं एक मात्र गोल आरएसआई की ओर से ध्रुव ने किया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com